वर्ष- 22 अंक - 57 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, शनिवार 08 अगस्त 2026




## राहुल के विरोध में लगे पोस्टर

**प्रयागराज.एजेंसी।** राहुल गांधी के प्रयागराज दौरे से पहले प्रयागराज में राहुल के खिलाफ पोस्टर लगाए गए हैं। 'पोस्टर में राहुल गांधी की तस्वीर के साथ लिखा 'प्रयागराज वॉव', जबकि पोस्टर में लगी दूसरी तस्वीर में 'झारखंड छी...' लिखा गया है। इसी तरह एक और पोस्टर प्रयागराज में लगा है जिनमें लिखा है, 'कब आओगे मेरे राहुल? तुम्हें झारखंड बुलाता है।' प्रयागराज में लगे इन पोस्टर में लिखा नीट पर हिपोक्रिसी की भी सीमा होती है।

# तूफान 500 से ज्यादा उड़ानें रद्द

## फैक्ट्रियों में काम रुका, घरबार छोड़कर भागे लोग

**टोक्यो ● एजेंसी**

जापान की ओर करीब 200 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से डॉल्फिन तूफान बढ़ रहा है। इसकी वजह से 2.6 लाख लोगों को घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाने के आदेश दिए गए हैं। बड़ी तादाद में लोग घरबार छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर चले गए। 500 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। हालात को देखते हुए टोयोटा ने भी अपनी 9 फैक्ट्रियों में काम रोक दिया है। तूफान की वजह से जापान का ओकिनावा द्वीप बुरी तरह प्रभावित हुआ है। वहां छुट्टियां मनाने गए कई हांगकांग के पर्यटक उड़ानें रद्द होने के कारण फंस गए हैं। यह तूफान कल चीन पहुंच सकता है।

### न्यूज ब्रीफ...



## 5 साल के बेटे के साथ कांवड़ लेकर निकले मप्र के सोनू

**प्रयागराज.एजेंसी।** मध्य प्रदेश के सोनू ने भगवान शिव से मन्नत मांगी थी कि उनके दो बेटे हों। आज उनके दो बेटे हैं। बड़ा बेटा 5 साल का है और छोटा 3 साल का। अब सोनू उसी 5 साल के बेटे का हाथ पकड़कर प्रयागराज पहुंचे हैं। कंधे पर 50 किलो गंगाजल से भरी कांवड़ है। सोनू काशी के शिवालय की तरफ निकल पड़े हैं।

## संदिग्ध स्कॉर्पियो में सवार एक गिरफ्तार, 2 फरार

**रामबन ● एजेंसी**

कल जम्मू कश्मीर के रामबन में सुरक्षा बैरिकेट्स तोड़कर एक स्कॉर्पियो गाड़ी घुस गई थी। पुलिस ने तीन राउंड फायर किए। इसके बावजूद गाड़ी आगे निकल गई। बाद में सुरक्षाकर्मियों ने गाड़ी में सवार अलताफ मोहम्मद को गिरफ्तार किया जबकि उसके दो साथी फरार हो गए। पुलिस को इनकी स्कॉर्पियो गाड़ी भी मिल गई।

## खाई में गिरी बस, 8 की मौत

**चंबा.एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के चंबा में यात्रियों से भरी एक बस पलटकर खाई में जा गिरी। इस हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन लोग घायल हो गए।

## मोदी से मिलकर खुश हुईं सायोनी



**नई दिल्ली.एजेंसी।** सांसद सायोनी घोष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पहली मुलाकात की। उन्होंने मुलाकात का वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर कर इसे खास और यादगार पल बताया। मोदी के साथ उनकी यह मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब वह टीएमसी से अलग होकर 20 सांसदों वाले बागी गुट का हिस्सा बन चुकी हैं।

## सलमान के घर के बाहर पुलिसकर्मी की मौत

**मुंबई.एजेंसी।** सलमान खान की सुरक्षा में उनके गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर तैनात एक पुलिसकर्मी की अचानक मौत हो गई है। मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। मृतक पुलिसकर्मी की पहचान गणेश रायते के रूप में हुई है। उनकी उम्र 41 साल थी।

## मोदी आज छात्रों को करेंगे संबोधित

**नई दिल्ली.एजेंसी।** प्रधानमंत्री मोदी आज आईआईटी दिल्ली के 57वें दीक्षांत समारोह (कॉन्वोकेशन) में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। दीक्षांत समारोह में 3,000 से अधिक छात्रों को डिग्री दी जाएगी। इनमें 587 पीएचडी कर रहे स्टूडेंट भी शामिल हैं।

## पप्पू यादव पर चप्पल फेंकने वालों का ग्रैंड वेलकम

**बुलंदशहर.एजेंसी।** पूर्णिया सांसद पप्पू यादव पर चप्पल फेंकने के आरोपी सुमित गिरि और हैप्पी शर्मा का बुलंदशहर में उनके गांव पहुंचने पर भव्य स्वागत हुआ। लोगों ने उन्हें फूलों की मालाएं पहनाई और डीजे बजाकर उनका स्वागत किया।




भारतीय जनता पार्टी
के कर्मठ व जुझारू कार्यकर्ता
ज्योतिबाफुले मंडल के उपाध्यक्ष
हमारे आदरणीय भाईसाहब
श्री जसराज शर्मा जी
को जन्मदिन की हार्दि
बधाई एवं शुभकामनाएं !
भाईसाहब
बधाईकर्ता : जसराज शर्मा मित्र मंडल

# कॉन्फ्रेंस का मुख्य न्यायाधीश ने किया शुभारंभ...न्याय पर मंथन शुरू

## मुख्यमंत्री, केन्द्रीय कानून मंत्री भी हुए शामिल

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**



ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में दो दिवसीय वेस्ट जोन रिजनल कान्फ्रेंस का आज सुबह शुभारंभ हुआ। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस श्री सूर्यकांत ने इसका उद्घाटन किया। म.प्र. राज्य विधि प्राधिकरण, म.प्र. उच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के अलावा सुप्रीम कोर्ट, विभिन्न हाईकोर्ट के माननीय न्यायाधीश, विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधि और कानून विशेषज्ञ ने भाग लिया। देश भर में न्याय व्यवस्था को अधिक सरल, सुलभ और जरूरतमंदों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उपायों पर बैठक में मंथन हो रहा है।

# प्रभारियों से करवाया वार्ड पदाधिकारियों का परिचय

**शहर कांग्रेस की कल के बाद आज भी बैठक, कल जिला कांग्रेस की**

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**



प्रदेश कांग्रेस की सहप्रभारी उषा नायडू और इंदौर प्रभारी विधायक पंकज उपाध्याय की मौजूदगी में कल विधानसभा 2 और 5 के वार्ड अध्यक्षों, वार्ड कार्यकारिणी की बैठक गांधी भवन में आयोजित की गई। नायडू और उपाध्याय से कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने वार्ड पदाधिकारियों का परिचय कराया। सभी को प्रभारियों ने हिदायत दी कि रोजाना अपने वार्ड के 30 से 40 घरों में नियमित मुलाकात करें, उन्हें बीजेपी की केन्द्र और प्रदेश सरकार की विफलता, जनविरोधी नीतियां बताएं। वहीं आज बचे हुए वार्ड अध्यक्ष, प्रभारी और पदाधिकारियों की दूसरे दिन भी बैठक शुरू हो चुकी है, जो शाम तक चलेगी। वार्ड बैठक के बाद शाम को युवक कांग्रेस की बैठक भी प्रभारी लेंगे। बैठक में संजय बाकलीवाल, शैलेष गर्ग, इम्तियाज बेलिम, राजू भदौरिया, राजा चौकसे, लोकेश हार्डिया, हितेश वर्मा सहित अन्य मौजूद थे। जिला कांग्रेस की बैठक भी कल प्रभारी गांधी भवन में लेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, संगठन महामंत्री डॉ. दौलत पटेल, कोषाध्यक्ष हितेश यादव सहित अन्य भी मौजूद रहेंगे।

# विधायक और भाजपाइयों ने चिड़ियाघर में देखा भूल-भुलैया

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**



विधायक महेन्द्र हार्डिया ने चिड़ियाघर पहुंचकर वहां कांच का बना भूल-भुलैया देखा। एमआईसी सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया, राजू खंडेलवाल, टीटू तिवारी, कैलाश पिपले और जू अधिकारी उत्तम यादव भी साथ में थे। भाजपाइयों ने भूल-भुलैया देखने के दौरान हंसकर इस भूल-भुलैया की तारीफ भी की। 14-डी के रोमांच पर भी चर्चा की गई। चिड़ियाघर अधिकारी ने 14-डी से लेकर काल्पनिक बाग और अन्य मनोरंजन सुविधाएं व पशु-पक्षियों के बारे में भी जानकारी विधायक और भाजपाइयों को दी। यह भी बताया कि 14-डी का लोकार्पण जल्द मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे, उसके पहले सांसद, विधायक और पार्षदों को 14-डी का ट्रायल दिखाया जाएगा और सभी को भूल-भुलैया, काल्पनिक बाग यह अत्याधुनिक थिएटर दर्शकों को 3 डी विजुअल्स के साथ हवा, बारिश, धुंध, कंपन और अन्य विशेष प्रभावों का रोमांचक अनुभव कराया जाएगा। इस मामले में एमआईसी सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया ने बताया कि महापौर एवं संबंधित अधिकारियों के साथ जल्द बैठक कर टिकट की राशि निर्धारित की जाएगी।



# कांग्रेस नेता ने की खराब रोड की शिकायत

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** विधानसभा 4 के वार्ड 70 के आदर्श इन्दिरा नगर, पंचमूर्ति नगर, पुराने प्रफुल्ल टाकीज वाला रोड जगह-जगह से उखड़ गया है, तीन माह से लोग परेशान है और एक माह से चल रही बारिश के समय खराब रोड पर पानी भरा रहता है और जब वाहन निकलते हैं तो उसका पानी इधर-उधर उड़ता है, जिससे विवाद की स्थिति बनती है, स्कूल जाने वाले विद्यार्थी और काम पर जाने वाले लोग परेशान हो रहे हैं। राजेश जोशी ने बताया कि इस मामले में नगर निगम, झोन, मुख्यालय के साथ भोपाल भी शिकायत की गई है, लेकिन रोड पर गड्ढे भरने और पेंचवर्क करने का कोई काम नहीं किया जा रहा है। जल्द ही कांग्रेस अब आन्दोलन करेगी।

## बदली बनी रहेगी और कभी-कभी गिरेगी छुटमुट बारिश

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मौसम विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि अभी इंदौर में तीन दिनों तक तेज बारिश की संभावना नहीं है। कम दबाव का क्षेत्र नहीं बनने के कारण अभी इंदौर में बादल बने रहेंगे और छुटमुट बारिश होती रहेगी, जबकि पूर्वी म.प्र. में आज बारिश की संभावना है।

# केन्द्रीय मंत्री मेघवाल का सम्मान आज करेंगे विजयवर्गीय के साथ पौधारोपण



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल इंदौर विमानतल पर पहुंचे तो उनका स्वागत भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, सांसद शंकर लालवानी, प्रताप करोसिया सहित अन्य ने किया। आज मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के रेवती रेंज पर पौधारोपण कार्यक्रम में भी मेघवाल दोपहर 12.45 पर शामिल होंगे। विजयवर्गीय का बड़ा पौधारोपण आयोजन कल रेवतीरेंज पर भी है।

# सुमित मिश्रा के बयान पर भड़के भाजपाई मानसिकता वाले जिम संचालक



***कहा-जिम कोई स्टेरॉयड की दुकान नहीं है, अपना भारी भरकम शरीर लेकर एक बार जिम जाओ***

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

अपने बेतूके बयान से भाजपा नगर अध्यक्ष कई बार चर्चा में तो कई बार निशाने पर आ जाते है। बीते दिनों उन्होने शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे को लेकर बयान दिया था कि वे जिम जाते है और स्टेरॉयड की गोलियां खाते है, इसके बाद अब उनके बयान पर जिम संचालक भड़क गए। एक जीम संचालक ने वीडियो भी जारी किया। सोशल मीडिया पर जिम संचालक आशु व्यास का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें वे सुमित मिश्रा के बयान पर आक्रोष जता रहे है। खास बात यह है कि वे खुद भाजपाई मानसिकता के है लेकिन जब अपनी रोजी-रोटी पर सवाल खडा हुआ तो उन्होने बेबाकी से विरोध दर्ज करवाया। उन्होने सुमित मिश्रा को यहां तक कहा कि आपके भारी-भरकम शरीर को देखकर लगता है कि आप कभी जिम, अखाडे या शारीरिक मेहनत जहां होती है ऐसी जगह पर गए ही नहीं। पहले जिम जाकर अपना वजन कम कीजिए और वहां जाएंगे तो पता चलेगा कि कितन अनुशासन जिम में सिखाया जाता है। उल्लेखनीय है कि मिश्रा ने कहा था कि चिंटू चौकसे जिम जाते है और स्टेरॉयड की गोली खाते है और इसके बाद दिनभर लोगों से लड़ते है।

## चौकसे से बताई जलन-भावना

जिम संचालक व्यास ने कहा कि कई लोग मुझसे भी जलते है, इसलिए मुझे पता है इस प्रकार के बयान लोग जलन भावना में ही देते है। उन्होने कहा कि चिंटू चौकसे की फिटनेस से मिश्रा की जलन भावना स्पष्ट नजर आ रही है।

## कांग्रेस करेगी कल सेनानियों और उत्तराधिकारियों का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर कांग्रेस द्वारा कल भारत छोड़ो आंदोलन एवं विश्व आदिवासी दिवस अवसर पर गांधी भवन में सुबह 10.30 बजे से कार्यक्रम आयोजित करेगी। पहले वरिष्ठ अदिवासियों बंधुओं और फिर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और उनके उत्तराधिकारियों के सम्मान का आयोजन होगा। 103 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी बसंतीलाल पाण्डे का भी सम्मान किया जाएगा। चिंटू चौकसे, संजय बाकलीवाल, शैलेष गर्ग, इम्तियाज बेलिम सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

## जिला कांग्रेस करेगी टंट्या मामा प्रतिमा पर कल माल्यार्पण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े और संगठन महामंत्री दौलत पटेल ने बताया कि कल विश्व आदिवासी दिवस अवसर पर महू विधानसभा के पातालपानी स्थित टंट्या मामा की प्रतिमा पर माल्यार्पण आयोजन सुबह 9 बजे किया जाएगा। जिला के पदाधिकारी और कांग्रेसजन मौजूद रहेंगे।

# एमओजी लाइन की 53000 स्क्वेयर मीटर जमीन का निजी क्षेत्र से कराएंगे विकास

## जमीन की रिजर्व प्राइस रखी 8074 करोड़ रुपए

### विकास करने वाले को मिलेगा जमीन बेचने का भी अधिकार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम की स्मार्ट सिटी कंपनी के द्वारा एम ओ जी लाइन की 53000 स्क्वायर मीटर जमीन पूंजी क्षेत्र से विकसित करने का फैसला लिया गया है। इस जमीन की रिजर्व प्राइस 8074 करोड रुपए रखी गई है। विकास करने वाले फर्म या एजेंसी को जमीन को बेचने का भी अधिकार दिया जाएगा।**

स्मार्ट सिटी कंपनी के द्वारा भारत सरकार की स्मार्ट सिटी योजना के तहत चिन्हित किए गए क्षेत्र को स्मार्ट बनाने का काम किया गया। यह एक अलग बात है कि इस कंपनी के द्वारा 1000 करोड रुपए खर्च किए जाने के बावजूद चिन्हित क्षेत्र में से एक टुकड़ा भी स्मार्ट क्षेत्र के रूप में तब्दील नहीं हो पाया है। इस योजना का कार्य करने के लिए 5 वर्ष की अवधि निश्चित थी। इस अवधि में कोरोना वायरस का संक्रमणकाल आ जाने के कारण इस अवधि को 2 साल बढ़ा दिया गया था। इस तरह से इंदौर की स्मार्ट सिटी कंपनी को एडीबी क्षेत्र को स्मार्ट बनाने के लिए 7 साल का समय मिल गया था। यह समय पूरा हो चुका है लेकिन इस स्मार्ट सिटी कंपनी का काम अभी तक पूरा नहीं हो सका है।

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में बाकी विकास कार्यों के साथ ही साथ एक क्षेत्र को चिन्हित करते हुए उसका री डेवलपमेंट करने का भी प्रोजेक्ट शामिल किया गया था। इसके तहत इंदौर की स्मार्ट सिटी कंपनी के द्वारा एम ओ जी लाइन क्षेत्र को चिन्हित किया गया था। इस क्षेत्र की पूरी सरकारी जमीन को इस योजना में शामिल किया गया था। इस जमीन पर जो सरकार के विभिन्न विभागों के द्वारा निर्माण किए गए थे उन निर्माण को तोड़कर जमीन को खाली जमीन के रूप में तैयार कर लिया गया। इस जमीन पर रीडिवेलपमेंट का कोई काम अभी तक नहीं हो सका है। जमीन को अलग-अलग हिस्से में विभाजित कर विक्रय करने की स्मार्ट सिटी कंपनी के द्वारा बहुत कोशिश की गई लेकिन यह कोशिश भी नाकाम ही रही है।

अब स्मार्ट सिटी कंपनी एक बार फिर री-डेवलपमेंट के प्रोजेक्ट को आकार देने के लिए मैदान में आ गई है। कंपनी के द्वारा एम ओ जी लाइन की 53000 स्क्वायर मीटर जमीन को कच्ची जमीन से विकसित जमीन के रूप में तैयार करने और फिर उसे विक्रय करने के लिए निजी क्षेत्र को सौंपने की पहल की गई है। इस पहल के तहत कंपनी के द्वारा इस जमीन की रिजर्व प्राइस 8074 करोड़ रुपए रखी गई है। जो भी फर्म या डेवलपमेंट एजेंसी जमीन को लेने में रुचि रखती है उसको इस रिजर्व प्राइस से ज्यादा प्राइस का ऑफर स्मार्ट सिटी कंपनी को देना होगा।

स्मार्ट सिटी कंपनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्थ जैन ने बताया कि यह कंपनी इस क्षेत्र का मास्टर प्लान तैयार कर वहां विकास करेगी और उसके पक्ष चाहे तो निर्माण करते हुए उसका संचालन कर विक्रय कर सकेगी। इस तरह से इस कंपनी को जमीन की कीमत के रूप में दी गई राशि को लाभ सहित अर्जित करने का अधिकार होगा। इस बार इस प्रोजेक्ट को सामने रखते हुए इस कार्य को करने की इच्छुक कंपनियों से उनके ऑफर बुलवाए जा रहे हैं। इस संबंध में प्री बिड बैठक का आयोजन 19 अगस्त को दोपहर 3:00 बजे स्मार्ट सिटी कंपनी के कार्यालय नेहरू पार्क पर किया गया है।

स्मार्ट सिटी कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि जब तक इस तरह से विकास के लिए जमीन का विक्रय नहीं होगा तब तक स्मार्ट सिटी के बाकी बचे हुए काम करने के लिए धन अर्जित नहीं हो सकेगा। ऐसे में यह आवश्यक है कि तेजी से जमीन के पीस का विक्रय शुरू हो जाएं ताकि इससे प्राप्त होने वाले पैसे से कंपनी अपने अधूरे पड़े हुए कामों को पूरा कर सकेगी।



## राज्य सेवा मुख्य परीक्षा शुरू

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग (एमपीपीएससी) की राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2025 आज से शुरू हुई। अभ्यर्थी आज सुबह अपने निर्धारित समय से केन्द्र पर पहुंचे, जहां उनके एडमिट कार्ड, पहचान पत्र की जांच की गई। इन्दौर के अलावा अन्य शहरों में भी परीक्षा आयोजित हो रही है। परीक्षा केन्द्रों पर थ्री-लेयर सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सम्भागीय पर्यवेक्षक निगरानी भी कर रहे है। 4694 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल है। बताया जा रहा है कि अगले माह परिणाम घोषित हो सकते है जिसके बाद अक्टूबर में इंटरव्यू एवं नवम्बर तक अंतिम चयन सूची जारी करने की योजना आयोग की है। 158 पदों पर भर्ती होना है। इसके लिए करीब 500 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आयोग बुलाएंगे। एक सप्ताह से अधिक समय तक इंटरव्यू होंगे। 4 इंटरव्यू बोर्ड द्वारा इन अभ्यर्थियों का इंटरव्यू लिया जाएगा।

## अक्टूबर में 5 दिन निरस्त रहेगी इंदौर-जोधपुर ट्रेन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अजमेर मंडल में दोहरीकरण कार्य के कारण रतलाम मंडल से चलने वाली ट्रेन प्रभावित होगी। 4 अक्टूबर से 8 अक्टूबर के बीच जोधपुर-इन्दौर ट्रेन क्रमांक 14801 और 4 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक इन्दौर-जोधपुर ट्रेन क्रमांक 14802 निरस्त रहेगी। इसके अलावा 16 सितम्बर से 3 अक्टूबर तक जोधपुर से इन्दौर की ओर चलने वाली ट्रेन क्रमांक 14801 परिवर्तित मार्ग से चलेगी।

# अब 100 जीबी के डेटा से होगी फर्जी नामांतरण घोटाले की जांच

### *आयुक्त बोले एक सप्ताह में पूरी हो जाएगी इन्वेस्टिगेशन*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**असली आरोपियों तक पहुंचने के लिए किए जा रहे हैं प्रयास इसलिए देरी**

फर्जी नामांतरण घोटाला अब नगर निगम के चर्चित घोटाले में शामिल हो चुका है जिससे 51 परिवार अब सिविल कोर्ट के चक्कर काटने के लिए मजबूर हो गए हैं क्योंकि उनकी संपत्ति किसी और को फर्जी नामांतरण के जरिए रजिस्ट्री करके बेची जा चुकी है। अब रजिस्ट्रेशन करने के लिए उनके पास सिविल कोर्ट में परिवाद दायर करने के अलावा कोई और रास्ता नहीं बचा है। वहीं इस मामले में ताजा अपडेट नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंगला ने देते हुए बताया कि नगर निगम ई पालिका पोर्टल भोपाल से विस्तृत जांच के लिए 100 जीबी का डाटा हमें और मिला है इस डाटा के माध्यम से हम पूरे मामले की जड़ तक पहुंचने का प्रयास करेंगे। राजस्व विभाग के अलावा इस तरह से फर्जीवाड़ा किसी और विभाग में तो नहीं किया जा रहा इसकी भी संभावना को लेकर जांच की जा रही है इसके अलावा असली आरोपियों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

निगम आयुक्त ने बताया कि आखिरकार और कितने लोगों के साथ इस तरह की धोखाधड़ी तो नहीं हुई इसकी जांच भी की जा रही है। हमने पुराने 354 संपत्ति कर खाते जिनके नामांतरण हुए थे उन्हें पुराने रिकॉर्ड के अनुसार फिर से सुधार दिया है लेकिन 51 फर्जी नामांतरण खातों से संपत्ति बेचने का मामला सामने आया है इसी को लेकर गहन जांच की जा रही है। हमें उम्मीद है कि इस मामले में हमें अगले सप्ताह तक कोई ना कोई रिजल्ट जरूर मिलेगा और जांच पूरी होने की भी उम्मीद है।

वहीं दूसरी ओर नगर निगम द्वारा इस मामले को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। सभी एआरओ को निर्देश दिए गए हैं कि नामांतरण मामलों की तस्दीक गंभीरता के साथ करें, संबंधित पार्टी को सामने बुलाकर बयान ले इसके बाद ही नामांतरण किए जाएं इसके अलावा अधीनस्थ कर्मचारी के साथ स्वयं की मौजूदगी में नाम परिवर्तन की प्रक्रिया पूरी करें। निगम आयुक्त ने इसके लिए औचक निरीक्षण के निर्देश देते हुए कहा कि मुझे यदि कोई लापरवाही इस दौरान दिखाई देती है तो सीधे एआरओ और संबंधित स्टाफ पर कार्रवाई की जाएगी।

वहीं दूसरी ओर जांच में लगातार हो रही देरी और छोटे कर्मचारी पर अब तक हुई कार्रवाई पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। कांग्रेस ने इस मामले पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव को घेरने के साथ मिली भगत के आरोप तक लगा दिए हैं, कांग्रेस नेता चिंटू चौकसे आरोप लगाया है कि नगर निगम फर्जी बिल घोटाले, फर्जी नामांतरण घोटाले के आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रहा है । उन्होंने कहा कि फर्जी नामांतरण घोटाला सामने आए दो माह का समय बीत गया है लेकिन मामूली छोटे कर्मचारी और कंप्यूटर ऑपरेटर पर कार्रवाई की गई, किसी बड़े अधिकारी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। मामले में उपायुक्त एसके सागर की भूमिका सीधे तौर पर थी। विभाग के नाते उनकी जिम्मेदारी भी इस घोटाले पर तय की जानी थी लेकिन एक माह काफी दबाव बना केवल उनका विभाग बदला गया।

# निगम की गौशाला का दूध खरीदने वाले नहीं मिल रहे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**चाहे शहर में दूध की दुकानों पर आने वाले ग्राहकों की संख्या हर दिन हर महीने बढ़ जाती हो लेकिन इंदौर नगर निगम की गौशाला में निकलने वाले शुद्ध दूध को खरीदने वाले नहीं मिल पा रहे हैं।**

नगर निगम द्वारा आज एक बार फिर एरोड्रम रोड पर स्थित रेशम केंद्र की अपनी गौशाला में निकलने वाले गाय के दूध को बेचने के लिए टेंडर जारी किया गया है। निगम द्वारा शहर में दूध का कारोबार करने वालों से उनके ऑफर बुलवाए गए हैं। निगम की यह गौशाला अब बहुत उन्नत स्वरूप में है। इस गौशाला में गायों की सही तरीके से देखरेख की जाती है। इसके साथ ही उनके भोजन पर भी पूरा ध्यान दिया जाता है। जो गाय बीमार होती है उसका इलाज भी किया जाता है और उसे पौष्टिक भोजन भी दिया जाता है। इसी का परिणाम है कि नगर निगम की इस गौशाला से मिलने वाले दूध की मात्रा भी बढ़ते जा रही है।

इस गौशाला की देखरेख करने वाली टीम द्वारा गौशाला में गाय के दूध से अपनी आवश्यकता की पूर्ति की जाती है। इसके बाद भी हर दिन कई 100 लीटर दूध बच जाता है। इस दूध को बेचने के लिए नगर निगम के द्वारा पहले भी दो बार कोशिश की जा चुकी है। उस समय पर नगर निगम की ओर से टेंडर जारी करके हर महीने के इस दूध को विक्रय करने की कोशिश की गई थी। ऐसी स्थिति में नगर निगम के द्वारा आज एक बार फिर अपनी कोशिश को दोहराया गया है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि इस दूध का विक्रय होने से जो राशि प्राप्त होगी उस राशि से इस गौशाला का विकास और गाय की देखरेख के काम को ही किया जाएगा। ध्यान रहे कि निगम द्वारा एक संत को इस गौशाला के संचालन की व्यवस्था सौपी गई है। इसके बाद से ही गौशाला की स्थिति में बड़ा परिवर्तन आया है। इसके पहले तो इस गौशाला की चर्चा यहां पर आए दिन गाय की मौत होने के कारण होती थी।

## वैश्य घटक सम्मेलन को लेकर आज शाम बैठक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

मप्र वैश्य महासम्मेलन द्वारा 25 से अधिक वैश्य समाजों के 30 वर्ष से अधिक आयु और उच्च शिक्षित विवाह योग्य प्रत्याशियों के लिए रविवार 27 सितम्बर को रवीन्द्र नाट्य गृह में हो रहे परिचय सम्मेलन की तैयारियों पर विचार मंथन के लिए आज शनिवार 8 अगस्त को शाम 7 बजे मल्हारगंज थाने के पास स्थित फतेहपुरिया समाज भवन पर आवश्यक बैठक रखी गई है जिसमें शहर के सभी प्रमुख वैश्य घटकों के पदाधिकारी शामिल होंगे। दिनेश मित्तल, अरविन्द बागडी, अशोक खंडेलवाल, शिव जिंदल, राजेश गर्ग एवं 25 वैश्य घटक के प्रतिनिधि सहित अन्य मौजूद रहेंगे।


राहुल चौधरी (गोल्डन मेन)
शिवा डिंगू
दिलीप पटेल
मनोज ठाकुर
आलोक वाजपेयी
मनदीप सिंह बाजवा
रवि पटवारी
नीरज नागदावाला
भूपेन्द्रसिंह कुशवाह
यज्ञदत्त शर्मा
नीरज जागीरदार
महेन्द्र चौधरी
अजय यादव
सुदीप खांडेकर
भरत पटेल
श्री जीतू जिराती जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं...
कपिल चौधरी
अश्विन पटेल
निलेश चौधरी
महेश चौधरी
देवेन्द्र पटेल
ओमप्रकाश पटेल
विजेन्द्र जाट
अक्षत चौधरी
भारत जोशी
दीपक यादव
नदीम पटेल
रवि पांचाल
केशव पाटीदार
फिरोज खान
अंकित परमार
अंकित जायसवाल
संस्था सादगी

# माहेश्वरी समाजजन आज कावड़ में भरेंगे पवित्र जल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सावन मास में इस वर्ष भी संस्था माहेश्वरी कुटुम्ब की मेजबानी में कल रविवार 9 अगस्त रविवार को सुबह 9 बजे रिंग रोड स्थित परस्पर गार्डन परिसर से 'जय महेश कावड़ यात्रा' का आयोजन होगा। आज शाम पूजन अर्चन के साथ कावड़ में पवित्र नदियों नर्मदा, शिप्रा, गंगा, यमुना, कालीसिंध, चम्बल सहित सप्त नदियों का जल भरा जाएगा। इसमें मातृशक्तियां भी मौजूद रहेंगी। शारदा प्रकाश अजमेरा, अशोक इनानी ने बताया कि इस यात्रा के लिए 2 हजार माहेश्वरी समाजजनों का पंजीयन हो चुका है। महिलाएं पिताम्बर और पुरुष भगवा परिधान में शामिल होंगे। झांकियां, अखाड़ा भी यात्रा में रहेंगे। यात्रा परस्पर गार्डन से शुरू होकर फूटीकोठी से मेन रोड होकर रणजीत हनुमान से शिव मंदिर गुमाश्ता नगर पहुंचेगी। लगातार बैठक के दौर भी चल रहे हैं और श्रद्धालुओं को निमंत्रण भी दिया जा रहा है।

## माहेश्वरी इंडोर स्पोर्ट्स लीग कल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माहेश्वरी स्पोर्ट्स क्लब द्वारा कल 9 अगस्त रविवार की सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक माहेश्वरी इंडोर स्पोर्ट्स लीग का आयोजन अभय प्रशाल में किया जाएगा। राजीव संतोष बिन्नानी, संजय शोभा लोहिया, रवि शिखा माहेश्वरी, विकास पूनम करवा, निधि बिहानी आयोजन से जुड़े हुए हैं।

## कल सुबह होंगे बगलामुखी दर्शन यात्रा के लिए श्रद्धालु रवाना

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अहिल्या परिसर, हवा बंगला, कैट रोड से कल रविवार की सुबह 7 बजे श्रद्धालुओं का जत्था माँ बगलामुखी दर्शन यात्रा के लिए रवाना होगा। लखन देपाले, रोहित यादव आयोजन से जुड़े हैं।



## कार कावड़ यात्रा को लेकर बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शिव परशुराम कार कावड़ यात्रा का आयोजन 16 अगस्त की सुबह 9 बजे से हंसदास मठ बिजासन रोड से नगर में भ्रमण करते हुए एबी रोड से महू होकर जानापाव जाएगी। भगवान शिव और परशुरामजी का अभिषेक होगा। आरती, प्रसादी के आयोजन भी किए जाएंगे। अशोक चतुर्वेदी ने बताया कि आयोजन को लेकर कल भी हंसदास मठ में बैठक का आयोजन किया गया।

## इंडोनेशिया अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में इंदौर के चौहान मौजूद रहेंगे



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ. जयदीप सिंह चौहान को इंडोनेशिया के वैज्ञानिक सम्मेलनों में शामिल एसोसिएशन ऑफ इंडोनेशियन ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जन्स पीट पेमबी 2026 की वैज्ञानिक बैठक में क्लेफ्ट पैलेट रिकंस्ट्रक्शन इंस्ट्रक्टर और अंतरराष्ट्रीय वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह सम्मेलन 13 से 15 अगस्त तक इंडोनेशिया के योग्याकार्ता स्थित होटल टेंट्रेम में आयोजित होगा। इस आयोजन में इंडोनेशिया सहित विभिन्न देशों के ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन, शिक्षाविद, शोधकर्ता और प्रशिक्षु भाग लेंगे।

# सांईबाबा का अभिषेक और फूलों से श्रृंगार

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** हवा बंगला स्थित नीम वाले साईंधाम, बारह ज्योतिर्लिंग मंदिर पर साईं बाबा का महाभिषेक कर फूल बंगला श्रृंगारित किया गया। सांई भक्तों ने महाआरती में भी शिरकत की। देवेन्द्र चौधरी, रणजीत वर्मा, रमेश मोहर, पवन वर्मा, राकेश सुरागे, उमेश शर्मा, जयंत तिवारी, महेश शाह, वेदप्रकाश शर्मा, निशा चौधरी, मंजुला मोहर, विद्या चापोरकर, कविता सोलंकी, कृष्णा शर्मा, भारती वर्मा, लता सुरागे, नीतू वर्मा, आशा चौधरी, माला जैन, तारा परिहार, रोहित यादव, प्रशांत चावड़ा, अशोक चौधरी, गोपाल शर्मा, सूफी बाबा, सुनील मामा, हुकम चौधरी, पंकज चौधरी, राकेश भाई, गोपाल भाऊ, कमल गंधवानी, जितेन्द्र रावल, राजू सोलंकी, सहित अन्य मौजूद थे।



# कल आदिवासी दिवस पर रैली

## पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे समाजजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आदिवासी समाज समिति,द्वारा कल 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पर सुबह 8 बजे से लालबाग से रैली निकाली जाएगी जो कलेक्टर चौराहा, पलसीकर कॉलोनी, सिंधी कॉलोनी, टॉवर चौराहा एवं टंट्या भील चौराहा होते हुए राजीव गांधी चौराहे स्थित सिल्वर ओक शुभ-कारज गार्डन पहुँचेगी जहां आमसभा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और समाज जागरण का आयोजन होगा। इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में अध्यक्ष शंकरसिंह गवली एवं पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष का आयोजन आदिवासी ज्ञान, मातृ स्वास्थ्य, सांस्कृतिक विरासत और सामुदायिक जीवन मूल्यों को समर्पित रहेगा। इंदौर सहित मालवा-निमाड़ एवं मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से हजारों समाजजन पारंपरिक वेशभूषा, मांदल, ढोल, लोकगीत और लोकनृत्य के साथ आयोजन में सहभागिता करेंगे। समिति द्वारा आमंत्रण-पत्र का विमोचन भी किया गया।





## 'क्यों रूठे हुए हैं मेघराज' विषय पर चर्चा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था सेवा सुरभि द्वारा आयोजित 'क्यों रूठे हुए हैं मेघराज मालवांचल से' विषय पर पर्यावरणविद और प्रबुद्धजनों की मौजूदगी में चर्चा हुई। प्रकृति के नाराजगी समाधान पर भी चर्चा हुई। सांसद शंकर लालवानी, शहर काजी डॉ. इसरत अली, वीरेन्द्र गोयल, डॉ. भारत शर्मा,अतिथि थे। पद्मभूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने सार्थक उदबोधन दिए। ओमप्रकाश नरेडा, मोहन अग्रवाल, डॉ. दिलीप वाघेला, किशोर पंवार, मुकेश तिवारी, अतुल सेठ, अनिल त्रिवेदी, ओपी जोशी, कुमार सिद्धार्थ, जनक पलटा, निकेतन सेठी, डॉ. किशोर पंवार, डॉ. भोलेश्वर दुबे, डॉ. दिलीप वाघेला, पंकज कासलीवाल, कमल कलवानी मौजूद थे।

## राखी किड्स बाज़ार में हर बच्चे को मिलेगा अपना मंच

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** रक्षाबंधन पर 5 से 15 वर्ष के बच्चों द्वारा बच्चों और परिवारों के लिए उत्सव आयोजित किया जा रहा है। राखी किड्स बाज़ार रविवार 9 अगस्त को सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक श्याम पैलेस, फूटी कोठी में होगा और इसमें प्रवेश सभी आगंतुकों के लिए निःशुल्क रहेगा। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देना है, ताकि वे आत्मविश्वास और रचनात्मकता के साथ मंच पर अपनी पहचान बना सकें। कार्यक्रम के विचार के बारे में आयोजक एवं क्रिएटिव कोच राधिका लड्डा ने कहा, 'हर बच्चे को मंच मिलना चाहिए, क्योंकि मंच ही आत्मविश्वास और रचनात्मकता को जन्म देता है। मंच से अलग-अलग उम्र के बच्चों के लिए प्रतियोगी आयोजन रखे गए हैं। शापिंग स्टाल और फूड स्टाल भी बच्चों के लिए आकर्षण का केन्द्र होंगे। लक्की ड्रा भी होगे।

## पौरुष का मौन प्रदर्शन आज और कल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं एम.पी. हाईकोर्ट के संयुक्त तत्वाधान में आज और 9 अगस्त को दोपहर 12 से 3 बजे तक ब्रिलियंट कन्वेंशन सेन्टर में आयोजित कॉन्फ्रेंस में शामिल सीजेआई श्री जे. सूर्यकांत के ध्यानाकर्षण में लाकर 'पुरुष आयोग' के गठन हेतु मांग एवं ज्ञापन हेतु मेन्स राइट्स संस्था पौरुष आयोजन स्थल के सामने पहुंचेंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए संस्था पौरुष इन्दौर के अध्यक्ष एडवोकेट अशोक दशोरा ने बताया कि देश में महिला आयोग के गठन को 35 वर्ष हो चुके हैं किन्तु प्रतिदिन पतियों की आत्महत्या एवं पत्नी के प्रेमी से मिलकर हत्या करने के हजारों जघन्य घटनाओं के घटित होने के बावजूद भी पुरुषों के लिए कोई आयोग नहीं बनाया जा रहा है। संस्था पौरुष के द्वारा आयोजन स्थल पर डिमॉन्स्ट्रेशन और मौन प्रदर्शन किया जाएगा। प्रोग्राम में अधिक से अधिक पीड़ित एवं प्रताड़ित विक्टिम्स को आमंत्रित किया गया है। उक्त पूर्ण जानकारी एडवोकेट अशोक दशोरा अध्यक्ष संस्था पौरुष द्वारा दी गई।

# दो वर्ष बाद हुई स्ट्रीट लाइट चालू



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आनंदवन-2, स्कीम नंबर 140 के रहवासी पिछले करीब दो वर्षों से मुख्य मार्ग की स्ट्रीट लाइटें बंद होने से परेशान थे। रात के समय अंधेरे के कारण दुर्घटना एवं सुरक्षा की आशंका बनी रहती थी। समस्या के समाधान के लिए रहवासियों ने 311 ऐप, जोनल कार्यालय, सीएम हेल्पलाइन तथा समाचार पत्रों के माध्यम से कई बार शिकायतें कीं, लेकिन समाधान नहीं हुआ। अंततः 28 जुलाई को रहवासी नगर निगम की जनसुनवाई में पहुंचे और आवेदन प्रस्तुत किया। जनसुनवाई के तुरंत बाद निगम प्रशासन ने कार्रवाई शुरू की तब जाकर मुख्य मार्ग की सभी स्ट्रीट लाइटें चालू कर दी गईं। करीब दो वर्षों बाद स्ट्रीट लाइटें शुरू हुई। स्ट्रीट लाइट चालू करवाने में के.के. अरोरा, समीर खंडेलवाल, डॉ. सुभाष चंद्र तिवारी, विजय खंडेलवाल एवं विनोद खंडेलवाल का योगदान रहा।



# गुरव समाजजनों ने की ध्वजा अर्पण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

गुरव समाजजनों ने महेश्वर पहुंचकर वहां माँ नर्मदा का स्नान भी किया और नागलवाड़ी स्थित प्राचीन बाबा भिलट देव मंदिर में ध्वजा अर्पित की। महेश पांजरे, भूपेंद्र काले, कैलाश सवनेर, हेमलता काले, देवेंद्र गंगाजी वाले, राजेश सवनेर, विशाल शर्मा, अमूल सवनेर, दीपक, कमलेश, सावन देवराय मौजूद थे।



## गीत गायन प्रतियोगिता होगी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** 30 अगस्त रविवार सुबह 9 बजे प्रीतमलाल दुआ सभागृह में कवि, कला और कलाकार कल्याण कोष द्वारा आयोजित कराओके सिंगिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। सभी गायकों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया जाएगा। इसके लिए 15 अगस्त तक पंजीयन कराना होगा। दिलीप राजपाल, डॉ. विजय सालवीय, अभिषेक जाट अतिथि होंगे। एल एन पुरोहित, डॉ. दामोदर विरमाल, राहुल मिश्रा, सुनील रघुवंशी, सुनील वर्मा, दिनेश शर्मा, विनोद सोनगीर, जितेंद्र राज, मनोहरलाल सोनी, ओमप्रकाश चन्दन, श्रीकांत अन्वेकर, जितेंद्र शिवहरे अपनी भूमिका निभाएंगे।

# माहेश्वरी महिला संगठन की प्रतियोगिता में सफलता

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अ.भा. माहेश्वरी महिला संगठन की सशक्त मुद्रा समर्थ भारत प्रतियोगिता में देवास जिले ने परचम फहराया। ग्राम विकास एवं राष्ट्रोत्थान समिति द्वारा एक कदम जागरूकता की ओर मेरा राष्ट्र मेरा दायित्व पर माहेश्वरी महिला संगठन सोनकच्छ द्वारा रील बनाई गई थी। यह रील मनीषा लाठी, रुपाली दरक,एकता दरक, ममता राठी, निधि लाठी,श्वेता मूंदड़ा,मेघा छापरवाल, वैशाली छापरवाल द्वारा तैयार की गई थी। जिसमें अच्छे व्यूज आए। वहीं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में लोहारदा से कांची तापड़िया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। कांची तापडिया का सम्मान शोभा माहेश्वरी, साधना बियाणी, किरण



लखोटिया, रंजना परवाल, ऋतु तापड़िया, मनीषा लाठी, राजेश होलानी, संतोष मूंदड़ा, कैलाश डागा, गगन लाठी, मनोज तापड़िया, नरेंद्र छापरवाल, सुनील दरक, अनिल दरक, अनिल नागोरी, साधना छापरवाल, मंजू जाजू ने बधाई दी।



# सेवानिवृत्त प्राचार्य का सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

गुजराती कालेज के प्राचार्य डा. गोविंद सिंहल 44 वर्ष की सेवा उपरांत सेवानिवृत्त हुए। उज्जैन के माधव कालेज से करियर शुरू हुआ था। बड़ी संख्या में कालेज पदाधिकारी, अध्यापक, पूर्व छात्र संगठन पदाधिकारी, कार्यालय स्टाफ मौजूद रहे। स्वागत वर्षा बंसल, भारती शर्मा, डॉ. विपुल पटेल, डॉ. मनोज परिया सहित अन्य ने किया।



# लहरिया तीज उत्सव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

खंडेलवाल नई दिशा नई सोच ग्रुप द्वारा गार्डन कैट रोड में लहरिया तीज उत्सव मनाया गया और मेले का आयोजन किया गया। स्टाल पर खरीददारी भी की गई। लहरिया परिधान में राजस्थान की याद ताजा कर दी थी। लहरिया तीज थीम पर डांस की प्रस्तुति हुई, तम्बोला भी इसी थीम पर खिलाया गया और गिफ्ट भी दिए गए। वंदना कासलीवाल ने तम्बोला खिलाया। वहीं खंडेलवाल समाज की संध्या खंडेलवाल, शशि कुलवाल, प्रीति बड़गोती, श्रद्धा रावत, अनिता ने अपनी भूमिका निभाई। गोपाल खंडेलवाल ने सहयोग किया।

# मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष से भेंट



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। भारतीय मानव अधिकार परिषद, के प्रतिनिधिमंडल ने म.प्र. मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह से भेंट कर परिषद द्वारा मानव सेवा, जनकल्याण एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न सेवा कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। राहुल निहोरे, ऋतु छाबडा, असलम कुरैशी, सलीम शेख सहित अन्य मौजूद थे।

# लायंस क्लब सदस्यों की शपथ और चिकित्सा शिविर

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। लायंस क्लब इंदौर डायनामिक का संस्थापक समारोह गुरु तेग बहादुर हॉस्पिटल में सेवा गतिविधि के अन्तर्गत नेत्र एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्ष डॉ. एसएस उबेजा सहित अन्य पदाधिकारियों को डॉ. पीयूष गांधी ने शपथ दिलाई। सुरेंद्र ढाकोलिया, मुकेश वर्मा, शेफाली दुबे, प्रितपाल उबेजा, एस के खंडेलवाल, प्रदीप देशपांडे मौजूद थे।



# सच्चा सुख अपने भीतर खोजें-महासती कुमुदलता म.सा.

## 900 साधकों ने एकासना आराधना की

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। नरसिंह वाटिका बिजासन रोड पर चातुर्मास में महासती साध्वी डॉ. कुमुदलता म.सा. के आशीर्वचन सुनने जैन समाजजन पहुंच रहे है। कल आध्यात्मिक श्रद्धा, तप एवं आराधना का अनुपम संगम देखने को मिला। प्रभु पार्श्व पद्मावती एकासना आराधना के अंतर्गत इंदौर में 900 साधकों ने एकासना आराधना की, जबकि देशभर से लगभग 3500 साधकों ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर इस पुण्य आराधना में सहभागिता की। साध्वी ने प्रवचन में 'सुख के सब साथी, दुःख में ना कोई' विषय पर प्रेरणादायी उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि संसार में अधिकांश संबंध स्वार्थ पर आधारित होते हैं। जब व्यक्ति के पास धन होता है तो उसके आसपास अनेक लोग होते हैं, लेकिन वास्तविक सुख धन, वैभव या बाहरी साधनों में नहीं, बल्कि स्वयं के भीतर छिपा होता है। योगिता पीपाड़ा ने 11 उपवास के पच्चखाण ग्रहण किए। इसके अतिरिक्त दो एवं तीन उपवास सहित अनेक तपस्वियों की तप आराधना निरंतर जारी है। प्रकाश जैन भटेवरा, रमेश भंडारी, विपुल डांगी, राजेन्द्र चौराडिया, हंसकुमार जैन ने अपनी भूमिका निभाई।





# जैन संत के अवतरण दिवस पर फल वितरित

इन्दौर। मुनि 108 चिन्मय सागर म.सा. जंगल वाले बाबा का 65वां अवतरण दिवस मनाया गया। शासकीय अस्पताल में फल वितरण आयोजन किया गया। ओम पाटोदी, देवेन्द्र सेठी, टी.के. वैद, कैलाश लुहाडिया, पवन पाटोदी, चेतन जैन सहित अन्य मौजूद थे।

# जैन महासभा पदाधिकारियों ने लिया संतों से आशीर्वाद



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। भारत वर्षीय दिगंबर जैन तीर्थ संरक्षिणी महासभा के पदाधिकारी मुनि संघों के सानिध्य में पहुंचे एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। जैन कालोनी में सुनील सागर म.सा. से कलश सम्बंध में चर्चा भी की। वहीं मल्हारगंज में मुनि साध्य सागर म.सा., बनेडिया में अविचल सागर म.सा. से भी आशीर्वाद लिया। ओम पाटोदी, टी.के. वैद, देवेन्द्र सेठी, पवन पाटोदी, इंद्रकुमार बड़जात्या, कैलाश लुहाडिया, तल्लिन बड़जात्या, केतन जैन सहित अन्य मौजूद थे।

# 50 करोड़ की लागत से होगा 92 साल पुराने यशवंत क्लब का विकास

## खेलकूद की गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

यशवंत क्लब में खेलकूद की गतिविधियों के विस्तार की महती योजना तैयार की गई है। लगभग 50 करोड़ रुपयों की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यों का शुभारंभ अगले माह से होगा। यह जानकारी स्टेट प्रेस क्लब, मप्र के 'रूबरू' कार्यक्रम में यशवंत क्लब के चेयरमैन जितेंद्र जैन 'जीतू' ने दी। उन्होंने बताया कि 92 वर्ष पुराने यशवंत क्लब में नए मास्टर प्लान को स्वीकृति प्रदान की गई है जिसके अंतर्गत 50 करोड़ की लागत से खेलकूद और अन्य विकास कार्यो को अंजाम दिया जायेगा। पहले चरण में जिम्नेशियम, टेबल टेनिस, बिलियर्ड्स, स्नूकर बैडमिंटन, लॉन टेनिस खेल के लिये विस्तार कार्य किया जाएगा। गेस्ट के लिये 26 कमरों और 400 मेंबर्स क्षमता वाले कनवेंशन हॉल का निर्माण भी किया जाएगा यह सभी कार्य लगभग चार साल में पूरे होंगे। विकास कार्य क्लब की मूल स्वरूप को यथावत रखते हुए दोनों तरफ होगा। श्री जैन ने बताया कि अभी क्लब में करीब 4200 सदस्य हैं। लंबे समय बाद पिछले दिनों सौ नए सदस्य बने थे। इन सदस्यों से प्रति सदस्य 25 लाख रुपये जीएसटी अतिरिक्त शुल्क लिया गया जिससे करीब 30 करोड़ रुपये एकत्रित हुए हैं। उन्होंने बताया कि अभी क्लब का सदस्यता शुल्क मात्र 600 रुपये माह है जिसे बढाए जाने की जरूरत है। आने वाली ओजीएम में इस संदर्भ में सहमति बनाने की कोशिश करेंगे। खेलकूद विकास कार्य पूर्ण होने के बाद यहां खेलकूद गतिविधियों का इंटर क्लब स्तर पर विस्तार किया जाएगा। इस दौरान स्टेट क्लब के प्रवीण खारीवाल, कमल कस्तूरी, विजय गुंजाल, दीपक माहेश्वरी, सुनील जैन, राजू घोलप,संजय मेहता, संतोष रुपेता, शैलेंद्र श्रीमाल एवं कांग्रेस नेता हर्ष जैन मौजूद थे।



# भारतीय संस्कृति गौरव महोत्सव आयोजन होगा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। ऋचा श्री सेवा संकल्प वेलफेयर सोसायटी द्वारा भारतीय संस्कृति गौरव महोत्सव 16 अगस्त को गांधी हॉल में सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक आयोजित किया जाएगा। ऋचा मनोज अग्रवाल ने उक्त जानकारी दी।

# पुरानी एलइडी टीवी बंद, अब नई लगाने की तैयारी



## स्मार्ट सिटी मिशन योजना के तहत चौराहों पर लगाई थी टीवी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर शहर में यातायात विभाग और निगम द्वारा स्मार्ट सिटी मिशन के तहत करीब चार साल पहले शहर के प्रमुख चौराहा और विशेष स्थानों पर लाखों - करोड़ों रुपए खर्चकर सैकड़ों एलइडी टीवी लगाई गई थी। जिसका मुख्य उद्देश्य आमजन को ट्रैफिक नियमों के पालन की जानकारियां और जन जागरूकता अभियान के विज्ञापन प्रकाशित करना, सूचनाओं का आदान-प्रदान करना था। लेकिन हालात यह है कि पिछले डेढ़ से 2 साल से शहर के सभी प्रमुख चौराहा पर लगाई गई एलइडी टीवी लंबे समय से बंद पड़ी है, यही नहीं धूल खा रही है। जिसकी कोई जिम्मेदार सुध नहीं ले रहा है। वहीं दूसरी ओर बताया जा रहा है कि एक बार फिर से निगम द्वारा तीन से चार करोड रुपए खर्च कर शहर के सभी प्रमुख स्थानों और चौराहों पर नए सिरे से नई एलईडी टीवी लगाने की प्लानिंग और तैयारी भी चल रही है।

### उठ रहे सवाल

यही नहीं जिस पर सवाल भी उठ रहें है। शहर के नागरिकों का कहना है कि एक तरफ पहले से लगी पुरानी एलईडी टीवी की देखरेख नहीं होने और खराबी आने पर जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया और न बंद और खराब हो चुकी पुरानी एलईडी टीवी को इतने लंबे समय बाद भी सुधारा नहीं जा रहा है। इधर, दूसरी ओर अब एक बार फिर से प्लानिंग कर पुरानी की जगह सभी प्रमुख चौराहों और स्थानों पर जल्द नई स्मार्ट एलईडी टीवी लगाने की तैयारी है। जिसको लेकर अब सवाल उठ रहें है।

### स्मार्ट टीवी की प्रमुख विशेषताएं

स्मार्ट एलईडी टीवी यानी कार्यवेरिएबल मैसेज साइन बोर्ड वीएसएमबी चौराहों पर रियल-टाइम ट्रैफिक अपडेट और डायनेमिक निर्देश देने के लिए एलईडी डिजिटल बोर्ड लगाए गए थे। जिनकी इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर आईसीसीसी रहती है।इन सभी डिस्प्ले और कैमरों को सेंट्रल कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है, जो शहर के ट्रैफिक और सुरक्षा पर नजर रखता है।सार्वजनिक सूचना प्रणाली, आपातकालीन स्थिति या महत्वपूर्ण सूचनाओं के प्रसार के लिए इन्हें पब्लिक एड्रेस सिस्टम के साथ एकीकृत भी किया जाता है।

# ओंकारेश्वर में सिंहस्थ 2028 की तैयारी तेज

## खेड़ीघाट पर नवीन घाटों के निर्माण की दिखने लगी झलक





**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पवित्र सावन मास में इंदौर उज्जैन के साथ प्रमुख धार्मिक पर्यटन क्षेत्र बाबा ओंकारेश्वर में मां नर्मदा के किनारे आने वाले सिंहस्थ 2028 की तैयारियां तेज हो गई है। ओंकारेश्वर क्षेत्र के प्रमुख केंद्र खेड़ी घाट पर शासन के निर्देश पर क्षेत्रिय प्रशासन द्वारा नवीन घाटों के नव निर्माण और इनके विस्तारीकरण का कार्य तेजी के साथ शुरू कर दिया है। जिसकी झलक खेड़ी घाट के आसपास आने वाले श्रद्धालुओं को दूर से ही दिखाई देने लगी है।

गौरतलब है कि इस बार साल 2028 में आने वाले सिंहस्थ महापर्व के दौरान सिंहस्थ महा पर्व में लाखों भक्त बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन के साथ बाबा ओंकारेश्वर के दर्शनों और नर्मदा माई में आस्था की डुबकी लगाने भी बड़ी संख्या में सिंहस्थ महाकुंभ में जबरदस्त भीड़ के साथ पहुंचेंगे। इस दौरान ओंकारेश्वर मंदिर और ममलेश्वर महादेव के आसपास वाले घाट पर अत्यधिक भीड़ होने पर भीड़ के समावेश और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा खेड़ी घाट के आसपास खाली पड़े स्थान पर अभी से नवीन घाटों का निर्माण कर विस्तारीकरण का कार्य तेजी के साथ शुरू कर दिया है ताकि सिंहस्थ महाकुंभ के दौरान आने वाले लाखों भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। साथ ही घाट पर बैठकर श्रद्धालु व्यवस्थित स्नान कर सके और आस्था के इस महाकुंभ का भरपूर सुविधाओं के साथ लाभ लेकर भक्ति भाव के साथ ओमकारेश्वर यात्रा के दौरान खेड़ी घाट पर स्नान कर पूजा पाठ भी कर सकेंगे। जिसको लेकर वर्तमान में तेजी के साथ नवीन घाटों का निर्माण कार्य चल रहा है।

# इंदौर-सूबेदारगंज स्पेशल ट्रेन का अब झींझक स्टेशन पर भी होगा अतिरिक्त ठहराव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** रतलाम पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 04170/04169 इंदौर-सूबेदारगंज स्पेशल ट्रेन, जो रतलाम मंडल से होकर गुजरेगी, को अब झींझक स्टेशन पर भी अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार 08 अगस्त, 2026 से 29 सितंबर, 2026 तक इंदौर से चलने वाली ट्रेन संख्या 04170 इंदौर-सूबेदारगंज स्पेशल झींझक स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन झींझक स्टेशन पर 15:55 बजे पहुँचेगी और 15:57 बजे प्रस्थान करेगी।

इसी प्रकार, 07 अगस्त, 2026 से 28 सितंबर, 2026 तक सूबेदारगंज से चलने वाली ट्रेन संख्या 04169 सूबेदारगंज-इंदौर स्पेशल झींझक स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन झींझक स्टेशन पर 09.03 बजे पहुँचेगी और 09:05 बजे प्रस्थान करेगी। ट्रेनों के समय, ठहराव एवं अन्य अद्यतन जानकारी के लिए यात्री ै.हर्लिबि.गहीहिंगदुदन.गह पर जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त रेलवन ऐप के माध्यम से भी ट्रेनों की नवीनतम जानकारी उपलब्ध है।

# ग्रीनरी के साथ सुरक्षा व्यवस्था भी चाकचौबंद



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** एमआर 10 रोड़ पर मेट्रो मार्ग पर ब्रिज के नीचे ऊपर जहां मेट्रो चलेगी जबकि नीचे के हिस्से में निगम द्वारा पिलरो के बीच आकर्षक हरियाली के लिए एक से बढ़कर एक पेड़-पौधे भी लगाए जा रहे हैं। वहीं इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के लिए दोनों तरफ सुरक्षा लोहे की जालियां भी लगाई जा रही है ताकि लोग हरियाली को नुकसान ना पहुंचाएं। यही नहीं मेट्रो मार्ग के नीचे के हिस्से में भी हरियाली के साथ सुरक्षा व्यवस्था और खूबसूरती भी नजर आए। जिसको लेकर निगम द्वारा लंबे समय से एमआर 10 मार्ग पर मेट्रो पिलरों के बीच ग्रीनरी और हरियाली के लिए लवकुश चौराहा अरविंदो हॉस्पिटल मार्ग तक के बड़े हिस्से में एक से बढ़कर एक आकर्षक पेड़-पौधे लगाकर सौंदर्य करण कार्य बीच के हिस्से में डिवाइडर और सुरक्षा जालियां लगाकर किया जा रहा है।

**आधे से ज्यादा हिस्से में काम पूरा : बचे हिस्से में तेजी से चल रहा है कार्य–** बड़ी बात यह है कि वर्तमान में गांधीनगर डिपो से लेकर सुपर कॉरिडोर और एम आर 10 मार्ग पर विजयनगर होते हुए रेडिसन चौराहे तक मेट्रो रेल कॉरपोरेशन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए मेट्रो ट्रेन का कमर्शियल संचालन पिछले दिनों प्रारंभ कर दिया है। साथ ही नीचे के हिस्से को भी खूबसूरत बनाने के लिए निगम द्वारा लंबे समय से प्रयास किए जा रहे हैं। आवासीय क्षेत्र में मेट्रो के नीचे के हिस्से में भी हरियाली और खूबसूरती नजर आ रही है।



# आम की विदाई : एप्पल और अनार की खूब हो रही आवक

## देशी कश्मीरी सेब की थोक मंडी में होने लगी अच्छी आवक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** फलों के राजा आम की अब धीरे-धीरे विदाई होने लगी है। सबसे पहले मानसून की शुरुआत में बारिश शुरू होते ही सबसे ज्यादा चलन और बिकने वाले लोगों के पसंदीदा बादाम आम की विदाई शुरू हुई।

इसके मार्केट से गायब होने के बाद बाजार में लंगड़ा ,देशी, दशहरी, तोतापरी और नीलम की आवक हो रही थी। वहीं अब बताया जा रहा है कि अब दो चार दिन में एक दो बारिश के बाद इनकी भी विदाई होने वाली है। इसके बाद अब लोगों को अगले साल ही अपने पसंदीदा आम खाने ओर देखने को मिलेंगे। वहीं अब देशी कश्मीरी एप्पल और अनार की भी अच्छी खासी आवक शुरू हो गई है। जिनके भाव 100 120 से लेकर 150 से 200 रुपए किलो बताए जा रहे है। इसके अलावा बड़े साइज के विदेशी एपल और मौसंबी, संतरे और अनार के भाव ज्यादा है। विदेशी एप्पल 200 से ढाई सौ रुपए किलो बताए जा रहे है।

बारिश के मौसम में अगर भुट्टे नहीं खाए तो आपके घूमने का मतलब ही नहीं है। इन दिनों इंदौर उज्जैन रोड और इंदौर खंडवा रोड पर भुट्टे और जाम जगह-जगह ठेले और भुट्टे की टापरी में देखने ओर खाने को आसानी से मिल रहे है। हालांकि भाव 100 से 120 रुपए किलो बताए जा रहें है। यही नहीं विदेशी जाम मंडी में भी आ रहे हैं लेकिन भाव ज्यादा होने से बाजार में यह 150 से 200 रुपए किलो मिल रहे हैं। अभी सीजन नहीं होने बावजूद जाम खाने के शौकीन हर भाव में खरीद रहे हैं। इधर भुट्टे भी 15 से 20 और 25 से 30 रुपए प्रति नग भी बिक रहे है। जबकि बाजार में 60 से 80 रुपये किलो के भाव भी देशी भुट्टे बिक रहे हैं। जबकि अमेरिकन 120 से 150 रुपए किलो के भाव बिक रहें है।

## संपादकीय

# संसद में गतिरोध के बीच जवाबदेही से क्यों बच रही सरकार? नीट विवाद पर विपक्ष के सवाल

यह स्थिति तब है, जब राज्यसभा के सभापति के रूप में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने भी गुरुवार को संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजीजू से कहा कि वे गृहमंत्री को सदन में बुलाने के अनुरोध पर विचार करें। सरकार क्या यह दावा करने की स्थिति में है कि वह किसी भी मुद्दे पर उठे विवाद का हल संवाद या बातचीत के जरिए निकालने को तैयार है! पिछले कई दिनों से संसद में जिस तरह का गतिरोध कायम है, दोनों सदनों को बार-बार स्थगित करने की नौबत सामने आ रही है, उसका हल निकालने को लेकर औपचारिक बयानों के अलावा सरकार की ओर से कोई गंभीर कोशिश होती नहीं दिख रही है। सवाल यह है कि अगर एक ही मुद्दे, यानी नीट प्रश्नपत्र लीक पर विरोध जताने वाले प्रदर्शनकारियों के प्रति पुलिस के बेलगाम रवैये पर विपक्षी दल जवाबदेही स्पष्ट करने की मांग कर रहे हैं, तो इससे किस तरह की आपत्ति हो सकती है। यह सही है कि प्रश्नपत्र लीक के मुद्दे पर विरोध का दायरा व्यापक होते जाने के बाद तत्कालीन केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने आखिर इस्तीफा दिया। मगर इस मसले पर विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों पर दिल्ली पुलिस ने जिस तरह बेरहमी से लाठीचार्ज किया, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को चोट पहुंची, उसके लिए विपक्षी दल संसद में गृहमंत्री से जवाब की मांग कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इस संदर्भ में सरकार की ओर से जिस तरह विपक्ष की इस मांग को प्रकारांतर से खारिज किया जा रहा है, वह साफ तौर पर जवाबदेही से बचने की ही कोशिश है! यह स्थिति तब है, जब राज्यसभा के सभापति के रूप में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने भी गुरुवार को संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजीजू से कहा कि वे गृहमंत्री को सदन में बुलाने के अनुरोध पर विचार करें। मगर इस संदर्भ में कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया देने के बजाय विपक्षी सांसदों के प्रदर्शन को सरकार की ओर से 'ड्रामा' बताया गया। सवाल है कि इस तरह का रुख रखते हुए सरकार क्या यह दावा करने की स्थिति में है कि वह किसी भी मुद्दे पर उठे विवाद का हल संवाद या बातचीत के जरिए निकालने को तैयार है! कहने को किरेन रिजीजू ने परिसीमन के मुद्दे पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी से बातचीत करके समर्थन मांगा, लेकिन वहां भी प्रस्तावित विधेयकों पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग पर सहमति नहीं बन पा रही है। सरकार अगर किसी भी मुद्दे पर विपक्षी दलों की उपेक्षा कर या उनकी राय को दरकिनार कर एकतरफा तौर पर अपनी मर्जी के मुताबिक कोई हल निकालने के बारे में सोच रही है, तो इसे कैसे देखा जाएगा? एक तरफ सरकार अपनी सुविधा से संवाद का स्वरूप तय करना चाहती है या फिर इसकी जरूरत को गैर-महत्वपूर्ण मानती है, दूसरी ओर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत स्पष्ट तौर पर बातचीत करने को ही प्राथमिक और लोकतंत्र का तकाजा मानते हैं। गौरतलब है कि मुंबई में नई पीढ़ी के बच्चों के साथ बातचीत के दौरान भागवत ने यह अहम टिप्पणी की कि 'जेन-जी' देश-विरोधी नहीं हैं और विरोध प्रदर्शन भी संवाद का वैध तरीका तथा लोकतंत्र में सहमति बनाने का एक जरिया है। इस क्रम में अलग-अलग विचार एक साथ आते हैं और चर्चा के बाद आम सहमति बनती है।

# एमडी ड्रग्स तस्करी का फरार आरोपी दबोचा

## प्रॉपर्टी ब्रोकिंग की आड़ में कर रहा था नशे का कारोबार, हत्या व अड़ीबाज़ी के दर्जनभर केस हैं दर्ज



**इन्दौर।** शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत इंदौर क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता मिली है। करीब 10 ग्राम एमडी ड्रग्स तस्करी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे शातिर आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी प्रॉपर्टी ब्रोकिंग का काम करता है और उस पर हत्या, अड़ीबाज़ी तथा आर्म्स एक्ट जैसे 12 गंभीर आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस अब आरोपी से नशे के सौदागरों, सप्लायरों और पूरे नेटवर्क को लेकर कड़ाई से पूछताछ कर रही है। क्राइम ब्रांच से मिली जानकारी के अनुसार, वर्ष 2025 के अपराध क्रमांक 174/25 में पूर्व में आरोपी चिराग निवासी द्वारकापुरी को 10.10 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स और एक्टिवा के साथ गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जब पुलिस ने गहराई से पड़ताल की, तो समाजवादी इंद्रा नगर निवासी राकेश तंवर की संलिप्तता सामने आई। वारदात के बाद से ही आरोपी राकेश लगातार पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने घेराबंदी कर आरोपी राकेश तंवर को धर दबोचा। जांच में सामने आया कि 12वीं तक पढ़ा आरोपी प्रॉपर्टी ब्रोकिंग का काम करता है, लेकिन उसकी आड़ में अवैध नशे का काला कारोबार चला रहा था। आरोपी का पुराना लंबा-चौड़ा आपराधिक रिकॉर्ड है। उस पर एरोड्रम, चंदन नगर, तुकोगंज, मल्हारगंज और बाणगंगा जैसे थानों में हत्या, रंगदारी, अवैध हथियार और एनडीपीएस एक्ट के गंभीर मामले दर्ज हैं। क्राइम ब्रांच की टीम आरोपी से एमडी ड्रग्स के मुख्य स्रोत और ग्राहकों के बारे में सघन पूछताछ कर रही है, जिससे इस नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों पर भी शिकंजा कसा जा सके। गौरतलब है कि इस वर्ष 1 जनवरी 2026 से अब तक क्राइम ब्रांच ने एनडीपीएस एक्ट के तहत 54 मामलों में 117 आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुँचाया है, जिनके कब्जे से करीब 2.96 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ और वाहन जब्त किए जा चुके हैं।

# पहले ही बिक चुका प्लॉट दोबारा बेचा 64लाख की धोखाधड़ी

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम बढ़ियाकीमा में प्रस्ती हिल्स नाम की अविकसित कॉलोनी के एक भूखंड को लेकर लाखों रुपये का फर्जीवाड़ा सामने आया है। पार्थ क्रेडिट एंड कैपिटल्स मार्केट प्राइवेट लिमिटेड के संचालकों ने शातिराना अंदाज में कूट रचित दस्तावेज तैयार कर एक ही प्लॉट को दोबारा बेच डाला और खरीदार से 64 लाख 10 हजार रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित को झांसे में रखने के लिए आरोपियों ने न केवल सर्वसुविधायुक्त विकास के झूठे दावे किए, बल्कि फर्जी कंप्लीशन सर्टिफिकेट भी थमा दिया। कनाड़िया पुलिस ने मामले की विस्तृत छानबीन के बाद आरोपी डायरेक्टरों के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

पुलिस के अनुसार, ठगी के शिकार हुए मुंबई राजेश्वरी एवेन्यू निवासी महावीर वर्मा पिता रामस्वरूप वर्मा ने इस पूरे मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया कि बिचौली हप्सी तहसील के ग्राम बढ़ियाकीमा में प्रस्ती हिल्स कॉलोनी के भूखंड क्रमांक 34 का सौदा पार्थ क्रेडिट कंपनी के डायरेक्टर न्यू पलासिया निवासी संजीव लुंकड़, स्नेहा लुंकड़ और उनके सहयोगियों ने मिलकर तय किया था। फरियादी को यह भनक तक नहीं लगने दी गई कि जिस जमीन का सौदा वे कर रहे हैं, वह पहले से ही किसी अन्य व्यक्ति को बेची जा चुकी है। सौदे के दौरान आरोपियों ने जमीन के फर्जी और कूटरचित कागज तैयार कर खरीदार के सामने पेश किए। पूरी रकम हासिल करने के बाद जब फरियादी ने भौतिक कब्जे और विकास कार्यों की सुध ली, तो मौके पर कोई काम नहीं मिला। जब भी पीड़ित ने आपत्ति जताई। आरोपी फर्जी कंप्लीशन सर्टिफिकेट दिखाकर गुमराह करते रहे। लंबे समय तक न तो प्लॉट का वास्तविक कब्जा मिला और न ही रकम वापस हुई, जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस की शरण ली। कनाड़िया थाना पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद आरोपी संजीव लुंकड़, स्नेहा लुंकड़ और उनके साथियों के खिलाफ धोखाधड़ी व कूटरचना की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

> **फर्जी कंप्लीशन सर्टिफिकेट थमाकर ऐंठे रुपये**

# मोबाइल हैक कर बैंक खाते से उड़ाए 1 लाख

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र स्थित आलोक नगर में रहने वाली एक महिला के मोबाइल में झांसा देकर संदिग्ध एप्लिकेशन डाउनलोड करवा ली गई। ऐप इंस्टॉल होते ही पीड़िता का मोबाइल फोन हैक हो गया और साइबर जालसाज ने उनके बैंक ऑफ इंडिया के खाते से सेंध लगाकर 99 हजार 996 पर हाथ साफ कर दिया। साइबर क्राइम हेल्पलाइन की मदद से ई-जीरो एफआईआर दर्ज होने के बाद कनाड़िया पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर तकनीकी जांच शुरू कर दी है। कनाड़िया थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आलोक नगर स्थित फ्लैट में रहने वाली प्रज्ञा पवार ने थाने पहुँचकर इस साइबर फ्रॉड की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें अपनी बातों में उलझाया और झांसा देकर उनके मोबाइल में 'ईमेल वेब' नाम की एक संदिग्ध एप्लिकेशन इंस्टॉल करवा दी। जैसे ही यह ऐप मोबाइल में डाउनलोड हुआ, आरोपी ने दूर बैठे ही उनके फोन का पूरा एक्सेस हासिल कर हैक कर लिया। इसके बाद शातिर जालसाज ने उनके बैंक ऑफ इंडिया के खाते से यूपीआई के जरिए अलग-अलग ट्रांजेक्शन करते हुए पूरी रकम उड़ा ली। खाते से अचानक पैसे कटने के मैसेज मिलते ही पीड़िता सन्न रह गईं। उन्होंने बिना वक्त गंवाए तुरंत बैंक ऑफ इंडिया के टोल-फ्री नंबर पर कॉल कर अपना खाता ब्लॉक कराया और राष्ट्रीय साइबर क्राइम हेल्पलाइन पोर्टल 1930 पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। पोर्टल के जरिए ई-जीरो एफआईआर दर्ज होने के बाद मामला कनाड़िया थाने स्थानांतरित हुआ।

# पत्नी को न भेजने की बात पर दामाद ने ससुर के सिर पर मारी लोहे की हथौड़ी

**इंदौर।** एमआईजी थाना क्षेत्र के अयोध्यापुरी कॉलोनी में पारिवारिक विवाद के चलते दामाद द्वारा अपने ही बुजुर्ग ससुर पर लोहे की हथौड़ी से हमला करने की घटना सामने आई है। पत्नी को साथ न भेजने से नाराज आरोपी दामाद ने चौकीदारी कर रहे ससुर के साथ पहले गाली-गलौज की और फिर सिर पर हथौड़ी मार दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मालवीय नगर निवासी 61 वर्षीय नारायण पिता मेकुलाल तिलवे ने एमआईजी थाने में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि वे अयोध्यापुरी कॉलोनी में चौकीदारी का काम करते हैं। बीती रात जब वे ड्यूटी पर तैनात थे, तभी सुबह करीब 4 बजे उनका दामाद राहुल कलमे निवासी छोटी खजरानी, नया बसेरा वहां पहुंचा। आरोपी राहुल आते ही ससुर से कहने लगा कि तुम मेरी पत्नी भारती को मेरे साथ क्यों नहीं भेजते हो और इसी बात को लेकर गालियां देने लगा। जब फरियादी नारायण ने गाली-गलौज करने से मना किया, तो आरोपी राहुल ने तैश में आकर अपने पास रखी लोहे की हथौड़ी निकाली और ससुर के सिर पर दे मारी। हमले में फरियादी के सिर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। वारदात के बाद आरोपी मौके से भाग निकला।

# बिना अनुमति अवैध कॉलोनी काटने वाले 6 लोगों पर केस दर्ज

**इंदौर।** खुड़ैल थाना क्षेत्र में शासकीय नियमों की अनदेखी कर अवैध कॉलोनी का निर्माण करने और प्लॉट बेचने के मामले में पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई की है।

ग्राम बावल्याखुर्द में बिना किसी वैध अनुमति और मास्टर प्लान के अवैध रूप से प्लॉटिंग करने की शिकायत प्रमाणित पाए जाने पर पुलिस ने राजस्व विभाग के प्रतिवेदन के आधार पर 6 भू-माफियाओं के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, राजस्व निरीक्षक कैलाश चौधरी की रिपोर्ट पर आरोपी अशोक पिता रामरतन मंडलोई, सोहनलाल पिता भागीरथ चौधरी, हरिओम पिता नरेंद्र चौधरी निवासी खाती मोहल्ला, मूसाखेड़ी, मनोज व शेखर पिता लक्ष्मीनारायण दोनों निवासी बावल्याखुर्द और रुक्मणी पति कैलाशचंद्र मित्तल निवासी न्यू देवास रोड, मालवा मिल के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। प्रशासनिक जांच में सामने आया कि ग्राम बावल्याखुर्द स्थित सर्वे क्रमांक 9/3/1/1 की 0.285 हेक्टेयर भूमि पर आरोपियों द्वारा बिना किसी सक्षम प्रशासनिक अनुमति और मास्टर प्लान के अवैध रूप से कॉलोनी का निर्माण कराया जा रहा था। इतना ही नहीं, आरोपियों ने आम लोगों को झांसा देकर उक्त जमीन पर धड़ल्ले से प्लॉटों की खरीद-फरोख्त भी शुरू कर दी थी। मामला संज्ञान में आने पर प्रशासन ने पूरे प्रकरण का परीक्षण कराया, जिसमें अवैध प्लॉटिंग और नियमों के उल्लंघन की पुष्टि हुई। इसके बाद खुड़ैल थाना पुलिस ने सभी 6 आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

# डिलीवरी बॉय से लूटपाट करने वाली शराब के नशे में धुत युवती पकड़ाई, जिलाबदर साथी की तलाश जारी

**इंदौर।** अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र के फूटी कोठी रोड पर गुरुवार देर रात लूटपाट की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। शहर से एक महीने पहले ही जिलाबदर किए गए एक शातिर बदमाश ने अपनी प्रेमिका के साथ मिलकर एक फूड डिलीवरी बॉय का दो किलोमीटर तक पीछा किया और फूटी कोठी के पास घेरकर चाकू की नोक पर उसकी गाड़ी लूट ली। पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर आरोपी युवती को स्कूटी सहित गिरफ्तार कर लिया जबकि जिलाबदर आरोपी मौके से फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस के अनुसार, फूड सप्लाई कंपनी में डिलीवरी बॉय के रूप में कार्यरत पीयूष देर रात करीब पौने तीन बजे ऑर्डर लेकर हवा बंगला की तरफ जा रहा था। महूनाका के पास स्कूटी सवार एक युवक और युवती ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। आरोपियों ने पीयूष को रोकने के लिए आवाज दी लेकिन संदेह होने पर पीयूष गाड़ी चलाता रहा। आरोपियों ने करीब दो किलोमीटर तक पीछा करने के बाद फूटी कोठी के पास ओवरटेक कर पीयूष की गाड़ी रुकवा दी। गाड़ी रुकते ही स्कूटी चला रही युवती ने पीयूष को कसकर पकड़ लिया, जबकि उसके साथी युवक ने कमर से चाकू निकालकर उस पर हमला करने का प्रयास किया। पीयूष ने संघर्ष कर खुद को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया और जान बचाने के लिए अपनी गाड़ी वहीं छोड़कर भाग निकला। इसके बाद आरोपी उसकी गाड़ी लेकर चंपत हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने सुदामा नगर और द्वारकापुरी क्षेत्र में नाकाबंदी की और 60 फीट रोड से आरोपी युवती को धर दबोचा। पकड़ी गई युवती की पहचान पलक वर्मा निवासी रावजी बाजार के रूप में हुई है, जो वारदात के समय शराब के नशे में धुत थी। वहीं फरार आरोपी की पहचान प्रिंस पुत्र आनंद विश्नार निवासी गाड़ी अड्डा, रावजी बाजार के रूप में हुई है। प्रिंस के खिलाफ रावजी बाजार, जूनी इंदौर और भंवरकुआं थानों में कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं और उसे एक महीने पहले ही जिलाबदर किया गया था। पुलिस अब फरार जिलाबदर आरोपी प्रिंस की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

# सस्ता थाईलैंड ट्रिप और इंडिगो से साठगांठ का झांसा देकर युवती को बनाया ठगी का शिकार

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के जरिए सस्ती फॉरेन ट्रिप का झांसा देकर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। साइबर ठगों ने एक युवती को थाईलैंड के फुकेट की ट्रिप और इंडिगो एयरलाइंस के साथ कोलैबोरेशन का फर्जी भरोसा दिलाकर करीब 43 हजार रुपये ऐंठ लिए। जब पीड़िता इंदौर एयरपोर्ट पहुंची, तो उनकी टिकट अमान्य निकली और ठगों ने अपने सभी फोन नंबर बंद कर लिए।

पुलिस के अनुसार, एरोड्रम क्षेत्र निवासी पूर्वा सिंह एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर द टूरिंग साइट्स नाम से एक ट्रिप का विज्ञापन देखा था। विज्ञापन देखने के बाद 19 अप्रैल को पीड़िता के पास वॉट्सऐप पर मैसेज आया, जिसमें थाईलैंड ट्रिप की जानकारी और शुल्क बताया गया। शुरूआत में चार्ज अधिक होने पर पूर्वा ने मना कर दिया, लेकिन आरोपियों ने उन्हें डिस्काउंट ऑफर देते हुए मात्र 36 हजार रुपये में थाईलैंड के फुकेट जाने की बुकिंग का झांसा दिया। संदेह होने पर जब पीड़िता ने इतने कम दाम का कारण पूछा, तो आरोपियों ने दावा किया कि उनकी कंपनी का इंडिगो फ्लाइट्स के साथ कोलैबोरेशन है। झांसे में आकर पूर्वा ने आरोपियों द्वारा दिए गए लव गुप्ता नाम के बैंक खाते में 18 मई को 10,800 रुपये ट्रांसफर कर दिए। बदले में आरोपियों ने उन्हें दिल्ली से फुकेट के लिए 6 जुलाई की फ्लाइट का फर्जी इनवॉइस भेज दिया। इसके बाद आरोपियों ने इंदौर से दिल्ली की कनेक्टिंग फ्लाइट का किराया बताकर 11,200 रुपये और बाकी की रकम मिलाकर कुल 43,500 रुपये अलग-अलग किस्तों में उसी खाते में जमा करा लिए। 3 जुलाई को ट्रिप की फाइनल डिटेल न मिलने और ईमेल आईडी गलत निकलने पर पीड़िता को शंका हुई। इसके बाद 6 जुलाई को जब पूर्वा अपने टिकट के साथ इंदौर एयरपोर्ट पहुंचीं, तो एयरलाइंस अधिकारियों ने जांच के बाद टिकट को पूरी तरह इनवैलिड घोषित कर दिया। पीड़िता ने तुरंत ठगों के नंबरों पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन सभी नंबर स्विच ऑफ मिले। ठगी का अहसास होते ही पीड़िता ने राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। एरोड्रम थाना पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर उस बैंक खाते और मोबाइल नंबरों के आधार पर तकनीकी जांच शुरू कर दी है।

## ट्रेन में आया अटैक...विद्युत कर्मचारी ने सीपीआर देकर बचाई यात्री की जान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इन्दौर से जोधपुर जाने वाली ट्रेन क्रमांक 14802 में यात्रा कर रहे मनोज वर्मा को साइलेंट हार्टअटैक आया, जिसके बाद वे अचेत होकर गिर गए और उनकी सांसें थमने लगी। ट्रेन में कार्यरत विद्युत विभाग के कर्मचारी जिशान अली ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरन्त पीड़ित यात्री वर्मा को सीपीआर दिया। अली ने सही तरीके से सीपीआर कुछ मिनटों तक दिया तो यात्री की सांसें लौट आई।



## बेकाबू होकर पलटा गैस टंकियों से भरा ट्रक, कैबिन में फंसा चालक, खंडवा रोड पर लगा जाम

### मांगलिया डिपो से बुरहानपुर जा रहा था ट्रक

**इंदौर।** सिमरोल थाना क्षेत्र में खंडवा रोड भेरूघाट पर कल रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। मांगलिया डिपो से एलपीजी गैस टंकियां भरकर बुरहानपुर जा रहा एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर घाट पर पलट गया। हादसे के बाद एलपीजी टंकियां सड़क पर बिखर गईं, जिससे खंडवा रोड पर यातायात प्रभावित हो गया। वहीं, ट्रक चालक कैबिन में ही फंस गया, जिसे ग्रामीणों और पुलिस की मदद से सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल पहुँचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुँच गई थी। मांगलिया डिपो से रवाना हुआ ट्रक जैसे ही भेरूघाट के ढलान से गुजर रहा था, तभी चालक नियंत्रण खो बैठा और वाहन पलट गया। हादसे के चलते सड़क पर जाम की स्थिति बन गई, जिसे पुलिस ने क्रेन बुलाकर दुर्घटनाग्रस्त ट्रक और बिखरी टंकियों को हटवाकर बहाल कराया। पुलिस ने मामला कायम कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।



# डिस्ट्रीब्यूटरशिप के नाम पर 1 करोड़ की धोखाधड़ी, कंपनी का डायरेक्टर गिरफ्तार

**इंदौर।** शहर में अवैध वित्तीय गतिविधियों और धोखाधड़ी करने वाले अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच इंदौर की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गुजरात के एक व्यापारी को डिस्ट्रीब्यूटरशिप देने का झांसा देकर 1 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने वाले कंपनी के डायरेक्टर के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपियों ने पीड़ित से पैसे लेने के बाद न तो डिस्ट्रीब्यूटरशिप दी और न ही मूल राशि लौटाई। शिकायत की विस्तृत जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत की धाराओं में केस दर्ज करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है।



झालोद (जिला दाहोद, गुजरात) निवासी शिकायतकर्ता कमलेश अग्रवाल ने डीसीपी कार्यालय क्राइम ब्रांच इंदौर में शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया था। शिकायत में बताया गया कि इंदौर स्थित मेसर्स आई.एच.एल. मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड एवं इन्फुटेक हेल्थकेयर लिमिटेड के डायरेक्टरों द्वारा गुजरात क्षेत्र की डीलर व डिस्ट्रीब्यूटरशिप देने का प्रलोभन दिया गया था। झांसे में आकर पीड़ित ने आरोपियों को 50-50 लाख रुपये करके कुल 1 करोड़ रुपये जमा करा दिए थे। जमा राशि के एवज में आरोपियों ने पीड़ित को जुलाई 2022 तक डिस्ट्रीब्यूटर मार्जिनमनी के तौर पर कुल 28 लाख 50 हजार रुपये दिए। हालांकि, इसके बाद आरोपियों ने न तो कोई मार्जिनमनी दी और न ही व्यापार के लिए कोई माल दिया और न ही पीड़ित की जमा मूल राशि वापस की। जब फरियादी ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकियां देने लगे।

शिकायत मिलने पर क्राइम ब्रांच की टीम ने बैंक स्टेटमेंट, लेजर, पत्राचार और जिला अभियोजन कार्यालय की विधिक राय के आधार पर गहन जांच की, जिसमें धोखाधड़ी और अमानत में खयानत की पुष्टि हुई। इसके बाद क्राइम ब्रांच इंदौर में अपराध दर्ज किया गया। मामले में जानकीनगर एनएक्स निवासी 74 वर्षीय आरोपी मनोहरलाल गुप्ता पिता उमाशंकर गुप्ता जो कंपनी के मुख्य डायरेक्टर हैं तथा उनके सहयोगी आदित्य गुप्ता के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। मामले में मनोहरलाल गुप्ता को गिरफ्तार भी कर लिया गया, जिससे मामले में पूछताछ की जा रही है।

## डाक जीवन बीमा के डायरेक्ट एजेंट्स चयन के लिए साक्षात्कार होंगे

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संचार मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन इंदौर नगर संभाग, डाक विभाग द्वारा डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजनाओं के व्यवसाय विस्तार के लिए आकर्षक इंसेंटिव एवं कमीशन के आधार पर डायरेक्ट एजेंट्स का चयन किया जाएगा। इसके लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का आयोजन 19 अगस्त को प्रातः 11:30 बजे से किया जाएगा। इंदौर संभाग प्रवर अधीक्षक डाकघर से प्राप्त जानकारी के अनुसार चयनित एजेंट डाक विभाग की लोकप्रिय एवं बेहतर रिटर्न देने वाली डाक जीवन बीमा तथा ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं व्यवसाय अर्जन का कार्य करेंगे।


**कार्यालय नगर परिषद सांवेर जिला इन्दौर म.प्र.**

E-mail Add:cmosawer@mpurbangov.in Tel-07321-220070

क्रमांक-1063 दिनांक 07/08/2026

निकाय में दुकान नामांतरण हेतु प्राप्त आवेदनों की सूची-

| क्र. | आवेदक का नाम पिता/पति का नाम | हस्तांतरकर्ता का नाम | वार्ड | पता | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1.दीपक 2.विजय पिता कैलाश नारायण चौधरी | राजेश पिता नगजीराम चौधरी | 04 | बस स्टेण्ड सांवेर | इकरारनामा |
| 2 | प्रेमशंकर पिता अम्बाराम | सत्यनारायण पिता रमेशचंद्र राठौर | 15 | रविदास वार्ड | इकरारनामा |

उपरोक्त वर्णित दुकान नामांतरण हेतु आवेदन प्राप्त हुए है। जिस किसी को कोई आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो इश्तहार जारी करने के दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति मय प्रमाण अभिलेख को कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। अवधि समाप्त होने के पश्चात किसी भी व्यक्ति की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा उपरोक्त दर्शाए अनुसार दुकान पर हकों का अंतरण (नामांतरण) कर दिया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद सांवेर जिला इन्दौर


## जम्बूड़ी हप्सी में राजस्व शिविर आयोजित

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** तहसील हातोद अंतर्गत राजस्व वृत्त-02 ग्राम जम्बूड़ी हप्सी में राजस्व शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों एवं किसानों की समस्याओं का निराकरण किया। अधिकारी राजेश कुमार सिंह, गोविन्दसिंह ठाकुर, धर्मेन्द्रसिंह चौहान ने कई मुद्दों का निराकरण किया।

## 10 स्वयं सहायता समूहों को सीसीएल का वितरण किया

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कलेक्टर शिवम वर्मा ने ग्राम अंबाचंदन में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान अंतर्गत आयोजित शिविर में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 10 स्वयं सहायता समूहों को एक करोड़ आठ लाख का सीसीएल (नगद ऋण सीमा) वितरण किया। अधिकारी हिमांशु प्रजापति, सरपंच सुश्री पाटीदार और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## हथकरघा दिवस एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, किला भवन में प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव के संरक्षण एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. वी.पी. बैरागी के मार्गदर्शन, गृह विज्ञान विभाग एवं रेड क्रॉस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस एवं स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी व्याख्यान का आयोजन दो सत्रों में किया गया। डॉ. बीडी श्रीवास्तव, डॉ. वीपी बैरागी, डॉ. ऋतिबाला भोर, डॉ. स्वाति शिंदे, डॉ. प्रतिभा समदरिया, डॉ. शीतल ब्राह्मणों ने अपनी भूमिका निभाई। उदबोधन भी दिए।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर**

**विद्युत विभाग**

E-mail: imcvidhyutvibhag@gmail.com

विज्ञप्ति क्र.: 23/26-27/
ई टेंडर C.E/E&M

**निविदा सूचना**

दिनांक: 03/08/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026-UAD-526548 03-08-2026 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 49 के अंतर्गत तिलक नगर मुक्तिधाम सभागृह में विद्युतीकरण कार्य। | 1 माह ₹8,26,214/- | ₹2,000/- ₹8,300/- | 18.08.2026 5:30 PM |
| 2 | 2026-UAD-526581 03-08-2026 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 43 के अंतर्गत इण्डस्ट्री हॉऊस पुलिया निर्माण में पोल एवं डी.पी. शिफ्टिंग करने संबंधी कार्य | 2 माह ₹8,58,170/- | ₹2,000/- ₹8,600/- | 18.08.2026 5:30 PM |
| 3 | 2026-UAD-526669 03-08-2026 | झोन क्र. 02 वार्ड क्र. 69 के अंतर्गत नार्थ राजमोहल्ला स्थित मालव माटी उद्यान में डेकोरेटिव्ह पोस्टाप, पोल, रिंगपोल एल.ई.डी. व केबल लगाकर प्रकाश व्यवस्था करने संबंधी कार्य। | 1 माह ₹10,00,438/- | ₹2,000/- ₹7,600/- | 03.09.2026 5:30 PM |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

नगर शिल्पज्ञ
नगर पालिक निगम, इन्दौर

# साक्षी के कॉमनवेल्थ गेम्स गोल्ड में विराट कोहली का भी योगदान

## प्रायोजक बनने के साथ मानसिक रूप से भी किया मजबूत






**नई दिल्ली ।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत के लिए सबसे बड़ा कमाल बॉक्सरों ने किया। 7 गोल्ड समेत बॉक्सिंग में 10 मेडल मिले। गोल्ड जीतने वालों में साक्षी चौधरी का भी नाम शामिल था। साक्षी ने महिला की 51 किग्रो कैटगरी में अपने नाम गोल्ड किया। भारत लौटने के बाद साक्षी ने बताया कि विराट कोहली का उनके जर्नी में अहम रोल रहा है और उन्होंने विराट को थैंक्यू भी कहा।

हरियाणा के भिवानी में साक्षी चौधरी ने कहा, मैंने विजेंदर सिंह को देखकर बॉक्सिंग शुरू की। विराट कोहली ने भी मेरे इस सफर में मेरा बहुत साथ दिया है। वे मेरे स्पॉन्सर रहे हैं और मैं उनका भी शुक्रिया अदा करना चाहती हूं।

उन्होंने बताया कि कोहली सिर्फ आर्थिक मदद तक सीमित नहीं रहे, बल्कि उन्होंने मानसिक रूप से भी उनका हौसला बढ़ाया। साक्षी के अनुसार विराट ने उन्हें हमेशा दबाव से दूर रहने और सिर्फ अपने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी।

ग्लास्गो में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स में महिला 51 किलोग्राम कैटेगरी के फाइनल में साक्षी ने इंग्लैंड की रूबी व्हाइट को 5-0 से एकतरफा हराकर गोल्ड मेडल जीता। यह कॉमनवेल्थ गेम्स में उनका पहला मेडल था। 2022 में इंजरी की वजह से वह गेम्स में हिस्सा नहीं ले पाई थीं। 2025 में 54 किग्रा कैटेगरी में उन्होंने वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में गोल्ड जीता था। इसी साल की शुरुआती में साक्षी ने 54 की जगह 51 किग्रा कैटेगरी में उतरने का फैसला किया। यह जोखिम भरा फैसला था लेकिन साक्षी ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

51 किलोग्राम कैटेगरी के नेशनल ट्रायल्स में, उन्होंने 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट निखत जरीन और 2025 वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप की गोल्ड मेडलिस्ट मीनाक्षी हुड्डा को हराकर कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए भारतीय टीम में अपनी जगह बनाई। कॉमनवेल्थ गेम्स में साक्षी चौधरी ने चार मुकाबले खेले और चारों को एकतरफा अंदाज में 5-0 से अपने नाम किया।

# बार-बार चोटिल हो रहे गिल 2 साल में सातवीं बार हुए बाहर




**नई दिल्ली ।** भारत बनाम श्रीलंका टेस्ट सीरीज शुरू होने में अब कुछ ही दिन शेष हैं और प्रैक्टिस मैच में शुभमन गिल की उंगलियों में चोट लग गई है। पहले दिन वे मैदान पर नहीं दिखे। भारतीय क्रिकेट टीम पहले ही हर्षित राणा, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह और नीतीश कुमार रेड्डी को चोट के कारण पीछे छोड़ आई है और अब शुभमन गिल भी चोटिल हो गए हैं। कप्तान की चोट अगर लंबी खिंचती है तो भारत के लिए बड़ा झटका साबित हो सकता है।

शुभमन गिल पिछले दो सालों में पहली बार चोटिल नहीं हुए हैं। वे 7 बार इंजर्ड हो चुके हैं और कई बार उन्हें महीने भर के लिए भी क्रिकेट की फील्ड से बाहर रहना पड़ा है। टेस्ट मैच से पहले गिल दो बार चोटिल हो चुके हैं। कई मैचों के दौरान उन्हें चोट लगी है। आईपीएल के मुकाबले में भी उनकी नस खिंचने की समस्या सामने आई थी। शुभमन गिल को 2024 में जब न्यूजीलैंड तीन मैचों की सीरीज खेलने भारतीय सरजमीं पर आई थी तब भी पहले मैच में गर्दन में अकड़न के कारण बाहर होना पड़ा था। इसके बाद जब भारत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेलने गया था तो पर्थ मैच से पहले शुभमन गिल के अंगूठे में चोट लग गई थी, जिसके कारण उन्हें मैच से बाहर होना पड़ा था। इस मुकाबले में विराट कोहली ने शतक लगाया था जो उनका आखिरी टेस्ट शतक था।

## दीर्घा, तिविषा, ध्यांशी और मांडवी सेमीफाइनल में

**इंदौर।** मेजबान एमरल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल की दीर्घा अहीरवार, वेदांश इंटरनेशनल स्कूल की तिविषा जैन, एनडीपीएस की ध्यांशी गुरशानी और श्री सत्य साईं विद्या विहार की मांडवी गांधी ने जिला शालेय बैडमिंटन स्पर्धा के अंतिम चार में अपनी जगह बनाई। शिक्षा विभाग के तत्वावधान में एमरल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय चयन स्पर्धा में रोमांचक मुकाबलों के बाद सेमीफाइनल लाइनअप तय हुआ। इस स्पर्धा में प्रदर्शन के आधार पर इंदौर जिला टीम का चयन होगा, जो आगामी संभागीय स्पर्धा में हिस्सा लेगी। स्पर्धा के अंडर-14 बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल में वेदांश इंटरनेशनल स्कूल की तिविषा जैन ने एनडीपीएस की ओमिशा मेहता को 21-14 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। एमरल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल की दीर्घा अहीरवार ने दिन के सबसे रोमांचक मुकाबले में श्री सत्य साईं विद्या विहार की ऑरा काबरा को 21-19 से शिकस्त दी। एनडीपीएस की ध्यांशी गुरशानी ने एकायना स्कूल निपानिया की आरिशा जायसवाल को 21-14 से हराकर सेमीफाइनल का टिकट कटाया।



## 200 से ज्यादा पेरा टेटे खिलाड़ी इंदौर में दिखाएंगे अपना जौहर

**इंदौर।** टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में म.प्र. टेबल टेनिस संगठन तथा पेरा टेबल टेनिस प्रमोशन एसोसिएशन द्वारा 11 अगस्त से अभय प्रशाल में यूटीटी पेरा राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। चैम्पियनशिप में विभिन्न राज्यों के 225 से ज्यादा खिलाड़ी भाग लेंगे। यूटीटी द्वारा प्रायोजित इस स्पर्धा के विजेता-उपविजेता खिलाड़ियों को करीब दो लाख रू की नगद इनामी राशि प्रदान की जायेगी।

उक्त जानकारी देते हुए पेरा टेबल टेनिस प्रमोशन एसोसिएशन के अध्यक्ष ओम सोनी तथा महासचिव प्रमोद गांगराड़े ने बताया कि स्पर्धा का समापन 13 अगस्त को होगा। स्पर्धा में पुरुष वर्ग में एशियन गेम्स कांस्य पदक विजेता हरियाणा के संदीप डांगी के साथ ही महिला वर्ग मे विश्व रैंकिंग की प्रथम वरीयताक्रम खिलाड़ी ओलिंपिक रजत पदक विजेता भाविना पटेल, विश्व रैंकिंग की ततीय वरीयताक्रम खिलाड़ी सोनल पटेल, रबि बेबी सहाना, सविता अजनपट्टी, एकता भ्यान, महक कौर, नतानिया जैन, जेडी मदान, शुभम वाधवा, दत्ता प्रसाद चौगुले, निथिश योगानंद तथा हितेश डोलवानी सहित विश्व वरीयताक्रम के करीब से 30 ज्यादा खिलाड़ी भाग लेंगे। स्पर्धा के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्राफी तथा प्रमाणपत्र के साथ ही करीब दो लाख रू की इनामी राशि प्रदान की जायेगी।

स्पर्धा निदेशक जयेश आचार्य ने बताया कि चैम्पियनशिप स्टेग की 10 टेबल टेनिस टेबलों पर बटरफ्लाई प्रीमियम बाल्स से खेली जायेगी। पुरुष वर्ग के मुकाबले 9 वर्गों में तथा महिलाओं के 8 वर्गों में मुकाबले खेले जायेंगे। जिसमें 1 से 5 तक व्हील चेयर खिलाड़ियों के लिए तथा 6 से 10 वर्ग स्टैंडिंग दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए होंगे।

## वेस्ट जोन प्रतियोगिता के लिए रवाना हुई सबजूनियर टीम



**इंदौर।** वेस्ट जोन सब जूनियर कुराश प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शहर की टीम रवाना हो गई है। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे, जहां कई पदकों पर मुकाबला होगा। टीम के खिलाड़ियों का लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन करना है।

टीम में शामिल क्वींस कॉलेज की खिलाड़ी हिमांशी भी कुराश स्पर्धा में अपना दमखम दिखाएंगी। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है और सभी ने बेहतर प्रदर्शन के लिए विशेष तैयारी की है। कोच महेश पुरोहित ने बताया कि टीम के खिलाड़ियों ने पिछले कुछ समय से लगातार अभ्यास किया है और उन्हें उम्मीद है कि खिलाड़ी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ियों की नजर गोल्ड मेडल पर है और टीम पदकों की अधिकतम संख्या जीतने का प्रयास करेगी।

## अमान, अजहान, तौहीद डिविजनल फेंसिंग टीम में चयनित



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** शासकीय मालव कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में आयोजित स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया डिस्ट्रिक्ट इंटरस्कूल फेंसिंग टूर्नामेंट में अल-हिरा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी खिलाड़ी मो. अमान-जावेद ने अंडर-17 में, मोहम्मद तौहीद और मो. अजहान ने अंडर-14 में अच्छे परफॉर्मेंस के जरिये कामयाबी हासिल कर डिविजनल टूर्नामेंट में अपना स्थान बनाया। मो. अमान-जावेद ने अंडर-17 फॉयल फेंसिंग में तीसरा, मोहम्मद तौहीद ने अंडर-14 सैबर फेंसिंग में दूसरा और मोहम्मद अजहान ने अंडर-14 फॉयल फेंसिंग में तीसरा मुकाम हासिल किया। कामयाबी पर प्रिंसिपल याकूब मेमन, कोच मास्टर सईद आलम, जावेद खान ने बधाई दी।

# टेस्ट में 100 छक्के लगाने के करीब पंत



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत श्रीलंका के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के दौरान एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। भारत और श्रीलंका के बीच तीन दिवसीय प्रैक्टिस मैच में ध्रुव जुरेल विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। लेकिन 15 अगस्त से होने वाली टेस्ट सीरीज में ऋषभ पत बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज खेल सकते हैं। भारत और श्रीलंका के बीच गाले में अगले शनिवार को पहला टेस्ट मैच शुरू होगा। भारत ने पिछली बार 2017 में श्रीलंका में टेस्ट श्रृंखला खेली थी और तब से टीम में बड़े बदलाव आ चुके हैं। मौजूदा भारतीय टीम में केवल लोकेश राहुल, कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा को ही श्रीलंका में टेस्ट खेलने का अनुभव है।

ऋषभ पंत ने अगस्त 2018 में इंग्लैंड के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज में टेस्ट डेब्यू किया था। 8 साल के करियर के दौरान उन्होंने 50 टेस्ट खेलते हुए 97 छक्के लगाए हैं। वह टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान ऋषभ पंत की नजरें टेस्ट में 100 छक्के पूरा करने पर होंगी। उनको इस आंकड़े तक पहुंचने के लिए सिर्फ तीन छक्कों की जरूरत है। वह टेस्ट में 100 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बनेंगे। इस समय एडम गिलक्रिस्ट, ब्रैंडन मैकुलम और बेन स्टोक्स ने टेस्ट क्रिकेट में 100 से अधिक छक्के लगाए हैं।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान बेन स्टोक्स टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में टॉप पर है। उन्होंने 2013 से 2026 के बीच 122 टेस्ट मैचों में 138 छक्के लगाए हैं। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज ब्रेंडन मैकुलम हैं, जिन्होंने 101 टेस्ट में 107 छक्के मारे हैं। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट टेस्ट में 100 छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज रहे। उन्होंने 1999 से 2008 के बीच 96 मैचों में 100 छक्के लगाए। पंत ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में शानदार पारी खेली थी। उन्होंने 121 गेंद में 81 रन बनाए। अपनी पारी में उन्होंने 6 चौके और तीन छक्के लगाए।

# बॉयफ्रेंड की प्रताड़ना से तंग आकर छत से कूदकर की थी युवती ने खुदकुशी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

एमआईजी थाना क्षेत्र के आंबेडकर नगर में 2 अगस्त को हुई युवती की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। इंदौर में रहकर नौकरी करने वाली युवती ने अपने बॉयफ्रेंड की लगातार प्रताड़ना और उकसावे से तंग आकर इमारत की छत से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद आरोपी ने मामले को हादसे का रूप देने के लिए परिजनों और अस्पताल प्रबंधन से एक्सीडेंट होने का झूठ बोला। पुलिस जांच में प्रथम दृष्टया आत्महत्या के लिए उकसाने और तथ्य छिपाने की पुष्टि होने पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

**एक्सीडेंट का झूठा नाटक रचने वाले आरोपी पर केस दर्ज**

पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान निकिता पिता विश्वनाथ निवासी तेंदूखेड़ा, नरसिंहपुर के रूप में हुई है। निकिता इंदौर में एक निजी नौकरी करती थी और आंबेडकर नगर निवासी विकास गुर्जर उर्फ विराट के साथ रिश्ते में थी। परिजनों और गवाहों के बयानों के आधार पर सामने आया कि निकिता अपने बॉयफ्रेंड विकास की हरकतों और प्रताड़ना से काफी समय से बेहद परेशान चल रही थी। 2 अगस्त को विकास के लगातार उकसाने और मानसिक तनाव से तंग आकर निकिता ने छत से छलांग लगा दी, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी विकास ने मामले को छिपाने की साजिश रची। उसने मृतका के परिजनों और अस्पताल के डॉक्टरों को गुमराह करते हुए यह झूठी कहानी बताई कि निकिता का सड़क हादसा हुआ है।

हालांकि, एमआईजी थाना पुलिस द्वारा की गई विस्तृत जांच और बयानों के आधार पर यह स्पष्ट हो गया कि निकिता ने आत्महत्या की थी और विकास ने ही उसे ऐसा करने के लिए प्रेरित किया था। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी विकास गुर्जर के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और झूठी जानकारी देकर तथ्य छिपाने की धाराओं में केस दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कंटेनर की टक्कर से स्कूटर सवार अधेड़ की मौत, साथी गंभीर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नेमावर रोड पर दो फाटा के समीप एक तेज रफ्तार कंटेनर ने स्कूटर सवार दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल दोनों लोगों को राहगिरों की मदद से पास के निजी अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ इलाज के दौरान अधेड़ की मौत हो गई, जबकि उनके साथी की हालत गंभीर बनी हुई है। खुड़ैल पुलिस ने आरोपी कंटेनर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर वाहन को जब्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार, ग्राम धमनाय निवासी गोविंद कुमावत की शिकायत पर कंटेनर जीजे 01 केटी 1034 के चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया गया है। गोविंद ने बताया कि उनके फूफा रूपनारायण और साथी अभिषेक स्कूटर से जा रहे थे, तभी सामने से आए अनियंत्रित कंटेनर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद जुटी भीड़ ने दोनों को अस्पताल पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों की कोशिशों के बावजूद रूपनारायण ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतक का नाम मोरोद फाटा निवासी शिवा पिता राधेश्याम (19) है। वह अपनी बाइक से टपाल घाटी मार्ग से गुजर रहा था, तभी अनियंत्रित पिकअप गाड़ी के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे शिवा के सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर जमा हुई भीड़ ने उसे अस्पताल पहुँचाया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# पति ने पत्नी के सिर पर नुकीली वस्तु से किया हमला

## मकान का किराया मांगने पर किया लहूलुहान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के दौरान पति द्वारा अपनी ही पत्नी पर हमला कर दिया। मकान का किराया देने के लिए पैसे मांगने पर बौखलाए पति ने महिला के साथ गाली-गलौज की और नुकीली वस्तु से वार कर सिर में गंभीर चोट पहुंचा दी। पीड़िता पति की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, दयानंद नगर निवासी 50 वर्षीय पीड़िता ने राजेंद्र नगर थाने में उपस्थित होकर अपने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि शाम करीब 7 बजे जब उसने अपने पति आशिक हुसैन से कहा कि मकान का किराया देना है, इसलिए पैसे दे दो, तो इसी बात पर आशिक हुसैन भड़क गया और गालियां देने लगा। जब पीड़िता ने गाली-गलौज करने का विरोध किया, तो आरोपी आशिक हुसैन ने हाथ में ली हुई किसी पत्ती नुमा नुकीली वस्तु से उस पर हमला कर दिया। हमले में पीड़िता के सिर पर गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। वारदात को अंजाम देकर घर से बाहर भागते समय आरोपी आशिक हुसैन ने पीड़िता को धमकी दी कि यदि उसने थाने जाकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई, तो वह उसे जान से खत्म कर देगा।




स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।